e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 251

**सुविचार**
किस्मत के पन्ने वही पलटता है, जो दिन रात मेहनत करता है!

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
12.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### राजनीति का हॉट स्पॉट बना कोल्हान

**जमशेदपुर :** झारखंड में कोल्हान की जमीन भाजपा और झामुमो दोनों के लिए ही उपजाऊ साबित होता रहा है। प्रदेश की राजनीति या सत्ता पर यहां का दबदबा हमेशा कायम रहा है। यही वजह है कि 4 बार राज्य का मुख्यमंत्री देने वाला यह क्षेत्र अब सिर्फ प्रदेश ही नहीं देश भर के लिए चर्चा का केंद्र बन गया है। इसके कई कारण हैं जो एनडीए और इंडिया दोनों ही गठबंधन को पसीना बहाने के साथ-साथ रणनीति बनाने पर विवश कर दिया है। **(विस्तृत खबर कोल्हान पेज पर)**

### मलाइका अरोड़ा के पिता की 7 वें फ्लोर से गिरकर हुई मौत

**नई दिल्ली :** बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा का बुधवार (11 सितंबर) को निधन हो गया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने मुंबई के बांद्रा स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली. एएनआई के मुताबिक अरोड़ा ने छत से छलांग लगा दी. उनके घर के बाहर से आ रही तस्वीरों में मलाइका के एक्स पति, एक्टर-प्रोड्यूसर अरबाज खान और कुछ पुलिसकर्मी नजर आ रहे हैं. इस खबर ने अचानक पूरे परिवार को गहरा झटका दिया है. बताया जा रहा है कि मलाइका के पिता की मौत घर की छत से गिरने से हुई.

### रांची का तापमान

अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

## गोड्डा : आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# हर व्यक्ति के चेहरे पर लायेंगे मुस्कान : हेमंत

**339 करोड़ 60 लाख रुपए की 147 विकास योजनाओं का दिया तोहफा, हजारों लाभुकों के बीच बांटी गई परिसंपत्तियां**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इस राज्य की जनता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आपके सहयोग से मजबूत झारखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आप अपना आशीर्वाद बनाए रखें। इस राज्य के हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम हम करेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज गोड्डा जिला के महागामा स्थित राजेंद्र स्टेडियम, ऊर्जा नगर में गोड्डा एवं देवघर जिले के लिए आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन-जन तक राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के प्रति अपना संकल्प दोहराया।

### विशेष शिविरों में लोगों का दिख रहा जबरदस्त उत्साह

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण चल रहा है। इस दौरान राज्य भर के पंचायतों और टोलों में लग रहे विशेष शिविरों में लोगों का जबरदस्त देखने को मिल रहा है।यहां उनकी समस्याओं का समाधान हो रहा है और उन्हें विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। मैं भी विभिन्न जिलों में आयोजित हो रहे शिविरों में शामिल हो रहा हूं। ताकि इस राज्य की जनता में में सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने की खुशी को देख सकूं।




### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस कार्यक्रम में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता,श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह,विधायक प्रदीप यादव, जिला परिषद अध्यक्ष बेबी देवी, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, पूर्व विधायक संजय यादव, संताल परगना प्रमण्डल के आयुक्त लालचंद दादेल, पुलिस महानिरीक्षक क्रांति कुमार गड्दिशी, पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव कुमार तथा गोड्डा एवं देवघर जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**20 वर्ष बनाम 4 वर्ष में हुए कार्यों का आकलन करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद 20 वर्षों में जो कार्य हुए और हमारी सरकार ने विगत साढ़े चार वर्षों में जितने कार्य किए हैं, उसका आप खुद आकलन कर लें। हमारी सरकार ने कोरोना के साथ-साथ कई अन्य चुनौतियों के बीच राज्य के विकास को गति देने का काम करती आ रही है। आज इस राज्य का कोई भी ऐसा घर नहीं है जो सरकार की योजनाओं से वंचित है।

## केंद्रीय कैबिनेट : 70 साल के ऊपर के सभी बुजुर्गों को मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दे दी. इससे 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा, जिसमें 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को सालाना आधार पर 5 लाख रुपये का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा. इस योजना के तहत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एक नया अलग कार्ड जारी किया जाएगा.सरकार ने कहा,एबी पीएम-जेएवाई के तहत पहले से ही कवर किए गए परिवारों से संबंधित 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक अपने लिए प्रति वर्ष 75 लाख तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर प्राप्त कर सकेंगे.सरकार ने कहा,70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो पहले से ही अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा



योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, वे या तो अपनी मौजूदा योजना चुन सकते हैं या एबी पीएमजेएवाई का विकल्प चुन सकते हैं.आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) का लक्ष्य भारत की आबादी के निचले 40 प्रतिशत हिस्से का गठन करने वाले 12.34 करोड़ परिवारों के अनुरूप लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करना है. कैबिनेट ने दो साल की अवधि में 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना में पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव क्रांति को भी मंजूरी दी.









# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास व मंईयां सम्मान योजना के लिए उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** आपके अधिकार, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड के पतरिया खुर्द पंचायत के पतरिया हाई स्कूल के प्रांगण में बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया रानी सिंह, उप मुखिया मुखलाल चौधरी, वार्ड सदस्य सुनैना देवी, अंचल कर्मी मनीष सिन्हा व दीपक पांडे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। लोगों की सुविधा के लिए कार्यक्रम स्थल पर विभाग के सभी स्टॉल बनाये गए थे। जिसमें मईया समान योजना, अबुआ आवास, पीडीएस, पेंशन, भूमि सुधार, प्रमाणपत्र निर्गत, पशुपालन, कल्याण विभाग, विद्युत, मनरेगा, गुरुजी कार्ड सहित अन्य स्टॉल शामिल थे। इस मौके पर मुखिया रानी सिंह ने कहा कि सरकार की जितने भी महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके घर तक पहुंचा है। इन योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग हैं, जो प्रखंड मुख्यालय नहीं जा पाते हैं और उन्हें जिस तरह की योजना का लाभ लेना है, वह नहीं ले पाते हैं, वैसे व्यक्तियों को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचकर लाभ ले सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए अलग-अलग विभाग के अलग-अलग स्टॉल लगे हुए हैं। वहीं अपने पंचायत वासियों के लोगों से अपील की कि सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं साथ ही कहा राज्य सरकार के अति महत्वाकांक्षी योजना में से अबुआ आवास योजना एवं मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना, पशुपालन योजना, सर्वजन पेंशन के स्टॉल पर काफी भीड़ देखी गई।

# विधानसभा सीट से प्रत्याशी चुनने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का हुआ गुप्त मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने 11 सितम्बर को झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्र के लिये अपने संभावित प्रत्याशियों के नामों पर सहमति व रायशुमारी का कार्य प्रारम्भ कर दिया है.वहीं जिला कार्यालय में डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी के रुप में वर्तमान विधायक आलोक कुमार चौरसिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पूर्व महापौर अरुणा शंकर, जिला महामंत्री ज्योति पांडेय, उदय शुक्ला, मंगल सिंह, मीना गुप्ता ने दावेदारी पेश की है। इसके लिये बतौर पर्यवेक्षक कुमार पाहन व पटेल जी की देखरेख में मेदिनीनगर भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को विशेष बैठक व गुप्त मतदान कराया गया। इस वोटिंग में जिला पदाधिकारी एवं जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, शक्तिकेन्द्र संयोजक, सह संयोजक एवं प्रभारी जिला मोर्चा के लगभग सैकड़ो पदाधिकारी शामिल हुये। सभी ने अपने पसंद के अनुसार उक्त सात संभावित प्रत्याशियों के नाम लिखकर प्रदेश कार्यालय से आयी मतदान पेटी में डाला। आज हुई गुप्त मतदान से संबंधित पूरी रिपोर्ट प्रदेश कमिटी को भेजी जायेगी। इसके आधार पर बाद में केन्द्रीय कमिटी प्रत्याशियों के नाम फाइनल करेगी।

# हाई स्कूल की छात्रा के साथ छेड़छाड़, दो पर प्राथमिक दर्ज




**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डंडई थाना क्षेत्र में हाई स्कूल की छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। जबकि पीडिता द्वारा डंडई थाना में दो लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।प्राथमिकी में बालेखांड गांव के रामनरेश सिंह का पुत्र अजीत सिंह तथा जमुना सिंह का पुत्र मुंडा सिंह का नाम शामिल है। डंडई पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुट गई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्रा अपने गांव से स्कूल जा रही थी। इसी दौरान वालेखाड के धना पहाड़ के पास वह जैसे ही वह पहुंची, पहले से ही घात लगाकर बैठे उक्त दोनों लडकों ने छात्रा की किताब कॉपी फेंकते हुए जबरन पड़कर झाड़ी में ले गए तथा दुष्कर्म करने का कोशिश करने लगे। परंतु छात्रा ने शोर मचा कर अपनी जान बचाई। उसके शोर मचाने से दोनों आरोपी पकड़े जाने के भय से उसे छोड़ कर फरार हो गये। बाद में छात्रा दौडकर जब स्कूल पहुची तो उसे डरी-सहमी देखकर शिक्षकों ने उसे सुरक्षित घर पहुंचा दिया। इस घटना से छात्रा काफी भयभीत है। इधर इस मामले को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस इस मामले में शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार नही करती है तो वे लोग इसके खिलाफ आंदोलन करेंगे।

# भाजपा के कार्यक्रम से लौट रहे बोलेरो ने ट्रक में मारा जोरदार टक्कर




**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर फोर लेन सड़क सडमा कॉलेज मोड हिंदुस्तान पेट्रोल पंप क्रॉसिंग के सामने बोलेरो जेएच 01 ई एक्स 3578 और ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई जिससे बोलेरो पर सवार लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी की बोलेरो का पिछला टायर फट कर सड़क पर आ गया और रिम पर अनबैलेंस होते हुए 500 मीटर तक बुलेरो गाड़ी चलता रहा। प्रत्यक्षदर्शी लोगो ने बताया कि औरंगाबाद की तरफ जा रही ट्रक कॉलेज मोड की तरफ से गलत दिशा से आ रही बोलेरो क्रॉस करने के दौरान ट्रक से जा टकराया जिसमें बोलेरो सवार दो लोग घायल हो गए हैं वहीं अन्य लोगों को मामूली चोट लगी सभी भुईया समाज के लोग नैडीहा बाजार से बीजेपी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम गुलाबचंद प्रसाद डिग्री कॉलेज सडमा में रायशुमारी कार्यक्रम मे भाग लेकर अपने घर नैडीहा बाजार (डगरा) जा लौट रहे थे जहाँ फोर लाइन सड़क पर यह दुर्घटना हो गई। ग्रामीणों ने घायलों को इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि एचपी पेट्रोल पंप के सामने क्रॉसिंग शिवालय कंस्ट्रक्शन द्वारा गलत बना दिया गया है जहां अक्सर दुर्घटना होती रहती है अब तक कई लोगों की जाने जा चुकी है कितनी बार स्थानीय प्रशासन को क्रॉसिंग बंद करने के लिए कहने के बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# विधायक भानु प्रताप शाही ने किया दो पुल का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड अंतर्गत स्थित परसोडीह पंचायत के चौरा पंडा नदी एवं धोमनी नदी पर बुधवार को 12 करोड़ 27 लाख की लागत से बनने वाले दो पुल का शिलान्यास स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही ने गांव के ही बुजुर्ग से नारियल तोड़ कर करवाया। ज्ञात हो की केतार कांडी मुख्य पथ पर बने धोमनी नदी का पुल काफी दिनो से जर्जर स्थिति में था।इस पुल के बन जाने से झारखंड के पलामू जिला सहित बिहार की दूरी कम हो जाती है। वही चौरा गाँव के पंडा नदी में अधिक पानी हो जाने के कारण सैकड़ों ग्रामीणो का बरसात के दिनो मे पंचायत एवं प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट जाता था। अब पंडा नदी पर पुल बन जाने से चौरा सहित अन्य गांवों से संपर्क बना रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये विधायक भानु प्रताप शाही ने झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा व उनके बड़े भाई राज राजेंद्र प्रताप पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह मेरे विकास को घूम-घूम कर देख ले। परंतु मैं उन दोनों भाइयों से एक सवाल करता हूँ।उनके कार्यकाल में बने एक शौचालय तक दिखा दे तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा।उन्होंने वर्तमान में चलाए जा रहे सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं पर भी कई गंभीर आरोप लगाये। मौके पर जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद, भाजपा के मीडिया प्रभारी गौरव सिंह, दिलीप जायसवाल सहित अन्य लोग शामिल थे।

# दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने अमरेश कुमार श्रीवास्तव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** नौड़ीहा बाजार के बाजार परिसर मे अवस्थित महावीर मंदिर की प्रांगण मे दुर्गा पूजा को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अलोक यादव व संचालन सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस बैठक मे सर्व सहमति से पूजा समिति का गठन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें अध्यक्ष अमरेश कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार सिंह - रामनारायण प्रसाद गुप्ता, सचिव पप्पू जायसवाल, उप सचिव नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामशीष गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष मंटू गुप्ता के आलावा पूजा समिति की मुख्य संरक्षक राजू प्रसाद, राकेश श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, काशी प्रसाद और मीडिया प्रभारी राहुल कुमार व जनक कुमार गुप्ता एवं पूजा प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सोनी को बनाया गया। नव नियुक्त पूजा समिति के अध्यक्ष श्री अमरेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व की भांति इस बार भव्य तरीका से पूजा पंडाल के निर्माण कराया जायेगा जो अनुमंडल स्तर पर आकर्षक के केंद्र रहेगा और रात्रि मे भक्ति जागरण का भी आयोजन करने का निर्णय ध्वनि मतों से पारित किया गया। मौके पर संडल गुप्ता, नरेश कुमार सिंह, लाल गुड्डू कुमार, प्रमोद कुमार, विवेक कुमार, आकाश कुमार, प्रिंस कुमार, जितेंद्र श्रीवास्तव, आजाद गुप्ता, रोहित कुमार गुप्ता सेमत काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

# भाजपा की रायशुमारी बैठक में आपस में भिड़े कार्यकर्ता



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विश्रामपुर विस क्षेत्र के रेहला शूभे मैरेज हॉल में बुधवार को कार्यकर्ताओं की रायशुमारी बैठक हुई। बैठक में संभावित प्रत्यासी हेतु कार्यक्रताओं से रायशुमारी की गई। बैठक में कार्यक्रताओं के बीच आरसीयू के दीक्षांत समारोह का आमंत्रण पत्र वितरण को लेकर हंगामा शुरू हो गया। एक संभावित प्रत्यासी द्वारा विजिटिंग कार्ड भी वितरित किया गया था, जिसे लेकर हंगामा और तेज हो गया। कार्यकर्ता आपस मे ही भिड़ गए। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। वरीय नेताओं के हस्तक्षेप और पर्वेक्षक के समझाने बुझाने पर करकर्ता शांत हुए।

## भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और कार्यकर्ताओं के दम पर ही हम आगामी विधानसभा के चुनाव में विजय हासिल करेंगे : प्रेम सिंह

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, निवर्तमान जिला पदाधिकारी एवं समस्त पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व मण्डल अध्यक्ष, एवं उसके सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मण्डल मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री, शक्तिकेन्द्र के प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजक, प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश प्रकोष्ठ एवं विभाग के संयोजक, सहसंयोजक, जिला मोर्चा के पदाधिकारी की बृहद बैठक बुधवार को बक्सीडीप्पा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई इसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की। बैठक में मुख्य रूप से बतौर पर्यवेक्षक के रूप में प्रेम सिंह एवं सुरेंद्र महतो मौजूद थे। आयोजित इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ को और भी सशक्त बनाने पर बल दिया गया। मौके पर प्रेम सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है।

# जीसीपीए डिग्री कॉलेज में चलो कैम्पस की ओर परीक्षा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर सड़मा में संचालित जीसीपीए डिग्री कॉलेज में चलो कैम्पस की ओर परीक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए, जिनका उत्तर देकर अपनी जानकारी और प्रतिभा का प्रदर्शन करना था। परीक्षा का आयोजन इतिहास विभाग द्वारा किया गया, जिसमें विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमित कुमार सिंह, प्रोफेसर मुन्नी देवी और अपराजिता प्रकाश ने सक्रिय रूप से भाग लिया। परीक्षा के दौरान प्रोफेसर अमित कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने और उनके मानसिक विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह और सहभागिता के लिए सराहा। इस दौरान कॉलेज के सचिव डॉ अमित अग्रवाल ने औचक निरीक्षण किया और परीक्षा की प्रक्रिया का जायजा लिया। सचिव ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और उन्हें प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

# टेम्पो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया, पांच लोग घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** कैलान मुख्य पथ स्थित शिवाढोडा के समीप टेम्पो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। जिससे उस पर सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।घायलों में निशा कुमारी, काजल कुमारी, दिवाकर कुमार, अनिता देवी, सुगनी कुंवर का नाम शामिल है। सभी घायल उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के निवासी हैं। घटना के संबंध में प्राप्त सूचना के अनुसार उक्त सभी लोग टेम्पो से कांडी जा रहें थे। सभी चाकू, कैंची पजाने का काम करते हैं। कांडी जाने के क्रम में शिवाढोडा में स्थित शिव मंदिर के समीप टेम्पो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया और उस पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# अज्ञात वाहन के धक्के से 50 वर्षीय महिला घायल, स्थिति गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के लिधकी गांव निवासी सुदामा भुईयां की पत्नी दमुनी देवी उम्र 50 वर्ष मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि मंगलवार के शाम दमुनी देवी अपने घर के बाहर टहल रहे थी। इसी बीच तेज गति से आ रहा बाइक सवार व्यक्ति ने उसे धक्का मार दिया। बाइक के धक्के से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने बाइक से धक्का मारने वाले युवक को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद घायल दमुनी देवी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेजे अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर घायल के अन्य परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में उसका इलाज करवा रहे हैं।

# झारखंड के नंबर वन पर होगा छतरपुर-पाटन विधानसभा : संदीप सरकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** 78 अनुसूचित जाति आरक्षित सीट छतरपुर -पाटन विधानसभा की आज भी दुर्भाग्य है कि छतरपुर -पाटन की बेटा विधायक बनने के लिए मौके नहीं मिला। आगामी विधान सभा चुनाव 2024 मे होने वाली चुनाव में छतरपुर के बेटा संदीप सरकार ने चुनाव लड़ने की बिगुल फुक चुके है अगर कोई दल टिकट देती है तो ठीक है वरना उन्होंने निर्दलीय से चुनाव लड़ने के लिए कमर कस कर तैयार है। उन्होंने आमजनों से कहा है भोले भाले जनताओं के लिए मै अपने विधान सभा के प्रत्येक प्रखंड मे अपना निजी कार्यालय की व्यवस्था किया हुँ और अगर किसी को समस्या है तो मेरे दफ़्तर आकर शिकायत कर सकते है और आप सबों की आवाज को बुलंद के साथ सबंधित अधिकारी के पास रखेंगे और आपकी समस्या से निजात दिलाने की काम करूंगा। और उन्होंने प्रेस बयान जारी कर बताया कि सिचाई व पेयजल की व्यवस्था, सुख नदिया नदी को डैम के निर्माण करवाकर किसानों की खेतों मे पानी पहुंचना मेरा पहली प्राथमिकता होगी, छतरपुर -पाटन विधानसभा के अंतर्गत सड़को सड़को की जर्ज़र स्थिति बनी हुई जो कि एम्बुलेंस जाने मे भी भारी मकसत झेलनी पड़ती है। छतरपुर -पाटन विधानसभा क्षेत्र मे न कोई बीएड, इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज की सुविधा मुहैया करवाना मेरा मुख्य प्राथमिकता होगी। विधान सभा मे बुलंद के साथ आवाज नहीं उठाने के कारण भोले भाले जनताओं आज भी और विधान सभा क्षेत्र से काफी पीछे है । आज तक विधान सभा मे उचित आवाज नहीं उठाने के छतरपुर जिला नहीं बन सका जबकी जिला के लिए सभी कटेगरी पूर्ण करता है फिर भी जिला नहीं बन सका क्योंकि सदन मे बुलंद के साथ आवाज नहीं उठाया। अगर छतरपुर -पाटन विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने मुझे आशीर्वाद देती है तो इन सभी समस्याओं से निजात दिलाने का काम करूंगा।

## शहीद कुंदन सिंह फुटबॉल टुर्नामेंट का का किया गया शुभारंभ

# सर्वप्रथम शहीद कुंदन सिंह की प्रतिमा पर विधायक ने किया माल्यार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अंतर्गत कुर्मीपुर पंचायत के ग्राम चौउआ चट्टान के मैदान में शहीद कुंदन कुमार सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। इससे पूर्व उन्होंने शहीद कुंदन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विधायक के साथ अन्य कई लोगों ने भी शहीद कुंदन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। उद्घाटन के मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यह टूर्नामेंट अब तक का सबसे ऐतिहासिक फुटबॉल टूर्नामेंट होगा। उन्होंने कहा कि फुटबॉल के खेल को जीवंत रखने के लिए समय समय फुटबॉल मैच का आयोजन जरूरी है। इससे युवाओं और बच्चों में इस खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी। इस क्षेत्र के युवा राज्य व देश स्तर पर पहचान बनायेंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों में खेल के प्रति रुचि को देखते हुए स्टेडियम का निर्माण जल्द कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल से शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, सिंचाई सभी क्षेत्र में हुसैनाबाद का विकास हुआ है, जो देखने की चीज है।उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र खेल के मामले में भी जिला में प्रथम होगा।


सिविल सर्जन का कार्यालय, रामगढ़
Phone/Fax 06553-231472, Email : csramgarh@yahoo.co.in

कार्यालय :– असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़

–: आवश्यक सूचना :–

**Advertisement for Ultrasonography CBE III Exam under PC&PNDT Act**

Advt. No.- Last date of receiving of application : 20-09-2024

Applications (for category II) are invited in the District Civil Surgeon office for the Competency Based Evaluation III Under PCPNDT Six Months Training Rule 2014 for existing MBBS doctors who are conducting ultrasound procedures in Ultrasound clinic/Imaging Clinic/Genetic clinic /Genetic counseling centre under PC&PNDT on the basis of one year experience or six months training and not attempted three times have to qualify the Competency Based Evaluation III under Department of Health Medical Education & Family Welfare, Govt. of Jharkhand.

Following Candidates who are giving service in any registered USG clinic can apply for the said exam :-

1. MBBS with one year experience who have not attempted anytime or attempted maximum two times and do not clear the exam.
2. MBBS with six months training who have not attempted anytime or attempted maximum two times and do not clear the exam.

General information and instruction:

- This is the Last CBE Exam for existing Registered Medical Practitioners (MBBS Doctors)
- Application which has not been forwarded by the candidate of those received without requisite certificate and necessary documents will not be entertained.
- Details terms & conditions and annexure as mentioned above can be seen at notice board of jrhms.jharkhand.gov.in.

ह०/–

PR 335397 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़।

## संक्षिप्त खबरें

### पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए वृक्षारोपण जरुरी

**रांची।** जेसीआई रांची यूथ के द्वारा आज पहाडी मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया। अध्यक्ष सोनल अग्रवाल के नेतृत्व में यूथ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए वृक्षारोपण को जरुरी बताया। पर्यावरण संरक्षण का अच्छे स्वास्थ्य के लिए कितना महत्व है इसके बारे में सदस्यों द्वारा वहां मौजूद लोगों को बताते हुए उन्हें भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। बताते चलें कि जेसीआई रांची यूथ के द्वारा 9 से 15 सितंबर तक जेसीआई वीक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेसीआई रांची यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल के अलावा सचिव ऋचा जालान, निषि सराफ, मोनिका गोयनका, भावेश राठौड़, शुभनीष सोंथालिया का सहयोग रहा।

### सम्मान की भीख ना मांगे,आंदोलन अभी जारी है : आजसू

**रांची :** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन आजसू बृहत झारखंड के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित महतो ने प्रेस क्लब में एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि सम्मान की भीख ना मांगे,आंदोलन अभी जारी है। बिहार का एक टुकड़ा मिला है। झारखंड बनना बाकी है। जिस उद्देश्य से झारखंड अलग राज्य की लड़ाई हमारे पूर्वजों और हमलोगो ने लड़ा था वो उद्देश्य अभी पूरा होना बाकी है। झारखंड को छठवीं अनुसूची राज्य बनाना मूल उद्देश्य है। भाषा संस्कृति और खतियान के आधार पर झारखंड का स्थानीय नीति, जमीनदाताओ के मालिकाना हक़ के आधार पर उद्योगिक नीति , त्रिभाषा के आधार (स्थानीय भाषा, राष्ट्रीय भाषा, अंतराष्ट्रीय भाषा) है पर शिक्षा नीति, जिससे कि झारखंड का सामाजिक पुनर्गठन हो और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सम विचार धारा वाले झारखंड नामधारी दलों का फ्रंट झारखंड फ्रंट बने।

# नेवरी विकास व चुट्टू के 4 युवाओं की मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** नेवरी विकास व बीआईटी मेसरा चुट्टू के रहने वाले 4 युवा मंगलवार की सुबह में मछली मारने के लिए रुक्का डैम गए, लेकिन चारों की रात में लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने चारो युवाओं के शव को पोस्टामार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। बताया जाता है कि नेवरी विकास का शोएब अंसारी व चुट्टू के मकसूद अंसारी, आसिफ व शाहिद नुरुल्लह बाइक व स्कूटी में सवार होकर सुबह 9 बजे घर से मछली मारने के लिए बीआईटी के समीप नदी के लिए निकले थे। शाम तक जब युवक घर नहीं पहुंचे तो घर वाले परेशान होने लगे। इसके बाद घर वालों ने मोबाइल में बात करना चाहा, लेकिन सभी के मोबाइल में रिंग होने के बावजूद कोई उठाया नहीं। दोस्तों ने भी मोबाइल में कई बार बात करना चाहा, लेकिन फोन रिसिव नहीं हुआ। तकरीबन 6 बजे नेवरी विकास व चुट्टू के लोग बच्चों को खोजने के लिए निकल पड़े। इस दौरान चारो युवकों के परिजन भी साथ में थे।गांव के मछुवारों से जब इन चारो युवकों के बारे पूछा गया तो मछुवारों ने बताया कि 4 बजे तक सभी मछली मार रहे थे। इसके बाद लोग गाड़ी के नंबर से जब नदी के करीब पहुंचे तो सभी के होश उड़ गए। सभी का लाश पड़ा था। देर रात चीख पुकार की आवाज से इलाके में डर का माहौल बन गया था। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था की क्या करे।

बीआईटी थाने में फिर इसकी जानकारी दी गई। पुलिस की टीम दलबल के साथ मौके वारदात पर पहुंची। इसके बाद सभी शव को अपने कब्जे में लिया। चारो युवकों में 2 पढ़ाई कर रहा था, जबकि एक गाड़ी खरीद-बिक्री व एक मिस्त्री था। सभी की उम्र 23 से 30 वर्ष के बीच है। झमाझम बारिश के बीच काफी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। ग्रामीण एसपी भी पहुंच कर लोगों के गुस्से को शांत कराया। वहां के लोगों ने बताया की डूबने से युवकों की मौत नहीं हुई है। चेहरे पर चोट की निशान है। पुलिस ने लोगों से कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ पता चल सकता है। इसलिए लगभग रात 12.30 बजे सभी शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। सुबह बुधवार को नेवरी विकास व चुट्टू के लोग के मौत के बारें में कहा गया कि डंका गिरने से मौत हुई है पेड़ में ठनका गिरा था। परिजनों का कहना है कि बारिश हुई , लेकिन बिजली और ठंका गिरने की बात कोई नहीं बता रहा है।

# गुणवत्तापूर्ण इलाज की भी व्यवस्था होनी चाहिए : बन्ना गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची।** राज्य गुणवत्ता कोषांग के अंतर्गत एनक्वास, कायाकल्प, लक्ष्य तथा मुस्कान कार्यक्रम के प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता बन्ना गुप्ता, मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग सह खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के द्वारा किया गया। उन्होने पुस्तिकाओं एनक्वास आईपीएचएल 2024, रिवाईज कायाकल्प मार्गदर्शिका 2024 तथा एआई पावर्ड स्मार्ट स्कोप, सवाईकल कैंसर स्क्रीनिंग का लोकार्पण किया।इसके प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर का भी विमोचन किया। मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पुरस्कार और अवार्ड, कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किया जा रहा है। अस्पताल का वातावरण इतना स्वच्छ हो कि आने वाले व्यक्ति अस्पताल में इलाज कराने में संकोच न करें। हमारा यह लक्ष्य होना चाहिए कि अस्पताल में मरीज का इलाज के साथ साथ इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि मरीज और उनके परिजन अस्पताल से संक्रमण ले कर वापस नहीं जाए।

सफाई के साथ-साथ सभी सुविधाओं की उपलब्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण इलाज की भी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना 2024 शुरू किया है। अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कुल 65 स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण प्रत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें 3 जिला अस्पताल, 1 प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र एवं 61 आयुष्मान आरोग्य मंदिर है। मौके पर सी के शाही, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं, डॉ रंजीत प्रसाद, राज्य नोडल पदाधिकारी, गुणवत्ता कोषांग, डॉ लाल मांझी, नोडल पदाधिकारी, आई.ई.सी. कोषांग, डॉ प्रियंका सिंह, एनपीओ, डबल्यूएचओ, आनंद यादव, सलाहकार, गुणवत्ता कोषांग, भारत सरकार तथा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक, उपनिदेशक और समन्वयक/परामर्शी, राज्य गुणवत्ता परामर्शी एवं अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।प्रतिभागी के रूप में सभी जिलों के सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम, डेम, एचएम, डीक्यूएसी, सीएचओ ने भाग लिया।

## अबुआ आवास योजना में आवास स्वीकृति हेतु हुई जिला स्तरीय बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवास स्वीकृति हेतु जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि के साथ कमिटी के सदस्य, एनजीओ के प्रतिनिधि मौजूद थे। अबुआ आवास में वित्तीय वर्ष 2024- 25 में प्राप्त लक्ष्य 20828 के विरुद्ध कुल पंजीकृत 7879 हुआ एवं 2809 लाभुकों के आवास स्वीकृति हेतु अनुमोदन किया गया।

## मस्जिद जाफरिया में मजलिस जिक्र इमाम हुसैन आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अल्लाह तआला अपने बंदों की दौलत नहीं देखता, इज्जत नहीं देखता, शोहरत नहीं देखता, काला-गोरा रंग नहीं देखता। देखता है तो सिर्फ उसकी नियत। अगर नियत (इरादा) सही हो तो सब कुछ अच्छा होता है। आमाल (नेक कार्यो)का दारो मदार नियत पर निर्भर करता है। उक्त बातें ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व झारखंड वक्फ बोर्ड के सदस्य व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना अल्हाज सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहीं। वह मस्जिद जाफरिया में झारखंड के लोकप्रिय सोजख्वान सैयद अत्ता इमाम रिजवी की पत्नी स्वर्गीय कंबरी खातून बिंत स्वर्गीय तालिब हुसैन की स्मृति सभा को संबोधित कर रहे थे। मौलाना ने कहा कि अमल इरादे पर निर्भर करता है। हम सभी को अपने अंदर देखना होगा कि हमारे अंदर क्या बुराई है और क्या अच्छाई है।

यदि हम नमाज़ पढ़ रहे हैं और मजलिस में बैठे हैं और बैठने से हमारे अंदर कुछ भी नहीं बदलता है। हम झूठ बोलते हैं, मुझमें बुराई पाई जाती है, तो फिर मजलिस में बैठने या नमाज़ पढ़ने से कोई फायदा नहीं। मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन की मजलिस का फर्श न तो बुराई को पसंद करता है और न ही बुरे लोगों को पसंद करता है। इस्लाम धर्म फैला है तो वह पैगम्बर मुहम्मद के अच्छे आचरण के कारण फैला है। इसीलिए कहा जाता है कि अपने अंदर अख्लाक संस्कारों को सुधारो। मजलिस में आए सभी लोगों का स्वागत सैयद अत्ता इमाम रिज़वी और उनके बेटों ने किया। इस मौके पर सैयद अशरफ हुसैन, सैयद निहाल हुसैन सरियावी, डॉ. सैयद नाजिर हुसैन, असगर इमाम, अली हसन फातमी, कमर बिलग्रामी, अमूद अब्बास, शमीम, निहाल रिजवी, यावर हुसैन, इकबाल हुसैन फातमी, हसन इमाम, अली हसन फातमी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बाद मजलिस हाशिम अली कासिम अली ने नोहा खानी की।

## जन शिकायत कार्यक्रम के दूसरे दिन भी लगा शिविर, शिकायत लेकर पहुंचे लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावकारी ढंग से निवारण करने हेतु सभी जिला में जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित करने हेतु महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्देश प्राप्त है। आमजनों के शिकायतों का त्वरित निवारण हेतु उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के कुल 17 प्रस्तावित स्थलों में से राँची जिला में 05 स्थलों प्रखण्ड कार्यालय सिल्ली, लापुंग थाना परिसर, जगरनाथपुर थाना परिसर, काँके थाना परिसर एवं नगड़ी थाना परिसर में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कुल 325 शिकायतकर्ताओं के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से संबंधित थानों में तत्काल 09 प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया है। शिकायतकर्त्ताओं से प्राप्त आवेदन विभिन्न प्रकृति के है, जिनमें अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित थे तथा अन्य आवेदन घरेलु हिंसा, ठगी, गुमशुदगी एवं विविध प्रकृति से संबंधित थे। उपरोक्त स्थलों में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम संबंधित क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, इसके अतिरिक्त आयोजन स्थलों पर पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त अंचलाधिकारी / प्रखण्ड विकास पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## धनबाद ड्रैगन्स और रांची रॉयल्स ने फाइनल में किया प्रवेश

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची :** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) द्वारा आयोजित झारखंड वीमेंस टी20 लीग प्रतियोगिता का दोनों सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें धनबाद ड्रैगन्स और रांची रॉयल्स ने फाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। जेएससीए मुख्य स्टेडियम में धनबाद ड्रैगन्स और दुमका डायनामोज के सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर दुमका डायनामोज ने 9 विकेट खोकर 80 रन बनाए। दुमका की ओर से सयाली ने 28 और सोनिया ने 27 रन बनाए। वहीं धनबाद की ओर से दुर्गा और आरती ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी धनबाद ड्रैगन्स ने 4 विकेट खोकर 81 रन बना लिए और मुकाबले को 6 विकेट से जीत लिया। धनबाद की ओर से शशि ने 31 रन बनाए। धनबाद की आरती कुमारी को शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।जेएससीए ओवल ग्राउंड में रांची रॉयल्स और जमशेदपुर टाइटंस के बीच दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। टॉस हराकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रांची रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 109 रन बनाए। रांची की ओर से रश्मि गुड़िया ने 35 और ईशा केशरी ने 40 रनों की पारी खेली।जमशेदपुर टाइटंस की साक्षी ने 3 और सुधा ने 2 विकेट लिए।दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमशेदपुर टाइटंस की टीम 99 रनों पर ढेर हो गई।टीम की ओर से इला ने सर्वाधिक 36 रन बनाए. रांची रॉयल्स की सैंपी और नेहा ने 2 -2 विकेट झटके। ईशा केशरी के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## सरकार शिबू सोरेन के तुल्य आंदोलनकारियों को देखे, मनोदशा को समझे : पुष्कर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आहूत झारखंड बंद ऐतिहासिक सफल रहा । पूरे राज्य में आंदोलनकारियों के जोश और जुनून बंद के दौरान जवानी की कहानी कहने जैसा जबरदस्त देखने को मिले। आदिवासी समाज एवं कुशवाहा समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में तीर धनुष लिए झारखंड बंद करने के आंदोलन को गतिमान बना रहीं थीं। बड़े गाड़ियों का परिचालन बंद से प्रभावित रहा। बस डिपो में सन्नाटा देखा गया । आंदोलनकारी रांची शहर में घूम-घूम कर दुकानों को बंद कराए । पुलिस के साथ झड़प एवं कई जगह नोक झोंक भी हुए । शहर के व्यवसाईयों ने शांतिपूर्ण बंद में आंदोलनकारियों को सहयोग दिया।

संवैधानिक अधिकारों एवं राज्य गठन के मूल्यों की रक्षा के तहत आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए राजकीय मान सम्मान ,अलग झारखंडी पहचान , बेटा -बेटियों को रोजी रोजगार एवं नियोजन के सौ फीसद अधिकार की गारंटी करने तथा स्वाभिमान के साथ आंदोलनकारियों के जीने के लिए सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु देने की मांग सरकार से की गई। सरकार से मांग की गई कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए पूर्व राज्यपाल कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को शीघ्रता शीघ्र हटाने, पेसा कानून, समता जजमेंट लागू कर 26 प्रतिशत रॉयल्टी का अधिकार देने ,सीएनटी एसपीटी एक्ट का सख्ती से लागू करने की मांग की गई।

मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने स्वाभिमान एवं झारखंड की अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए हजारों हजार की संख्या में परंपरागत अस्त्र- शस्त्र के साथ झारखंड बंद करने के लिए सड़कों पर जाति, धर्म एवं पार्टी की भावनाओं से ऊपर उठकर अपनी चट्टानी एकता का परिचय दिया।

## ईलाज के अभाव में विलुप्त हो रहे आदिम जनजाति के लोग : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम चिट्ठी लिखा हैं। उन्होंने चिट्ठी में लिखा है कि झारखण्ड में ईलाज के अभाव में आए दिन विलुप्त हो रहे आदिम जनजाति समाज के लोगों की मृत्यु हो रही है। उन्होंने लिखा है कि मैं आपको अवगत कराना चाहता हूँ कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओ का हाल दिन-ब-दिन बदतर होता जा रहा है। आये दिन विलुप्त हो रहे आदिम जनजाति समाज के भाई-बहनों की मृत्यु ईलाज के अभाव में हो रही है। लेकिन प्रशासन जिम्मेदारी लेने के बजाय एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर रहे है। हाल की घटना का जिक्र करते हुये उन्होंने लिखा है कि साहिबगंज सदर अस्पताल में सिमरिया गांव निवासी आदिम जनजाति पहाड़िया मथियम मालतो की छह साल की बेटी गोमदी पहाड़िन जो डेंगू से पीड़ित थी। ईलाज के अभाव में अपनी जान गंवा दिया। पिता डॉक्टरों की तलाश में इमरजेंसी से लेकर ओपीडी तक भागता रहा, परन्तु कहीं भी डॉक्टर नहीं मिले, जिसके कारण पिता की गोद में ही बच्ची ने अपना दम तोड दिया। यह सिर्फ एक घटना नहीं है, ऐसी ही दूसरी घटना दुमका जिले के गोपीकांदर प्रखण्ड के कुंडा पहाड़ी गांव में हुई। जहाँ विलुप्तप्राय पहाड़िया जनजाति की 19 वर्षीय गर्भवती महिला प्रिंसिका महारानी की समय पर एंबुलेंस और ईलाज न मिल पाने के कारण जान चली गई। तीसरी घटना जामताड़ा जिले के करमाटांड प्रखण्ड के नेंगराटांड गांव की है जहाँ अज्ञात बीमारी से पिछले 22 दिनों के अंदर आदिम जनजाति (पहाड़िया) परिवार के 8 सदस्यों की मौत हो गई है। अभी भी 10 से अधिक लोग अलग अलग बीमारी से ग्रसित हैं। झारखण्ड में समय पर ईलाज न हो पाने के कारण आये दिन प्रदेशवासियों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

# जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ईद मिलादुन्नबी सल. की यौमे पैदाइश के मौके पर रांची शहर और इसके आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का जुलूस ए मोहम्मदी 16 सितंबर 24 को धूमधाम से निकाला जायेगा। इसको लेकर डेली मार्केट थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई । इस बैठक की अध्यक्षता कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक प्रकाश सोय ने की। इस मौके पर लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार , डेली मार्केट थाना प्रभारी जय प्रकाश राणा, हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी सुनिल कुशवाहा, सहित सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के अध्यक्ष मौलाना डा. ताजुद्दीन रिजवी, महासचिव अकीलुर्रहमान , अंजुमन इस्लामिया नूरिया के अध्यक्ष हाजी सऊद आलम, बुलंद, हिंदपीढ़ी से महबूब आलम, हाजी सरफराज सुड्डू , झामुमो नेता जितेंद्र गुप्ता, विक्रम, रुपेश, सुमन, जमीयतुल कुरैश पंचायत के महासचिव परवेज कुरैशी सहित कई लोग शामिल हुए।

**किसने क्या कहा :** सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के अध्यक्ष मौलाना डा. ताजुद्दीन रिजवी ने जानकारी दी की कांके अंचल क्षेत्र से भिट्ठा, उलियातु,चंदवे की तरफ से कर्म टोली होते हुए न्युक्लियस मॉल से पत्थलकुदवा होकर गुदरी ,कर्बाला चौक से डा फतेउल्लह रोड होते डोरंडा उर्स मैदान जायेंगे। हिंदपीढ़ी क्षेत्र से सभी लेक रोड होते मेन रोड में आयेंगे यदि जुलूस ए मोहम्मदी मिल गया, उसी में शामिल हो जायेंगे, नहीं तो वे सब कर्बला चौक आयेंगे।मौलाना आजाद कालोनी, कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला,गढ़ा टोली, इलाहिबक्स कालोनी,रमजान कालोनी,कांटा टोली चौक आदि सभी कांटा टोली चौक से कुम्हार टोली से गुदरी होते हुए कर्बला चौक ,पत्थलकुदवा, गुदरी भी कर्बला चौक फिर यहां से डोरंडा के लिए निकलेगा। हरमू,पहाड़ी सहित पुंदाग,इलाही नगर,कडरु ,अरगोड़ा हज हाउस होते हुए सभी आयेंगे इन सभी को जहां पर जुलूस ए मोहम्मदी मिलेगा वहीं शामिल होंगे। महासचिव अकीलुर्रहमान ने कहा सभी अपने अपने क्षेत्रों से निकलकर 11-11.30 तक कर्बला पहुंचने की कोशिश करें देर नहीं करें। वहीं हाजी सऊद आलम ने कहा कांटा टोली क्षेत्र से 9 बजे से 9.30 तक अपने अपने मुहल्ला से जुलूस ए मोहम्मदी निकले जायेंगे। सुरक्षा का इंतेजाम सभी जगहों पर रहे। परवेज कुरैशी ने कहा भीड बहुत होती है भारी वाहनों का प्रवेश शहर के अंदर नहीं हो, यातायात से संबंधित सभी बातों पर प्रशासन अपने स्तर से ध्यान देखे ताकि किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। वहीं जितेंद्र गुप्ता ने कहा रामा शर्मा गली के पास दुकान वाले से कहा जाये कि अपना सामग्री उस दिन बाहर न रखें, पूजा पंडाल के पास सुरक्षा



बल दिया जाये, वहीं हम लोग पीछले बार की तरह इस बार भी स्वागत शिविर लगायेंगे।

**डीएसपी ने कहा :** कोतवाली डीएसपी प्रकाश ने कहा साफ सफाई के लिए नगर निगम को बोल दिया जायेगा, साथ साथ बड़ी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगा, सभी जगहों पर पुलिस बल तैनात रहेगी, वहीं आप लोग का जुलूस किसी का इंतेज़ार न करें, सभी अपने अपने क्षेत्रों से समय पर जुलूस ए मोहम्मदी निकाले और आगे बढ़ते जाएं।

# रक्षा राज्यमंत्री ने भारतीय पवेलियन का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया में लैंड फोर्सेज एक्सपो 2024 में इंडियन डिफेंस इंडस्ट्री के पवेलियन का उद्घाटन किया। यह पहला अवसर है जब लैंड फोर्सज एक्सपो में भारत भी शामिल हुआ है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारतीय पवेलियन के उद्घाटन के बाद भारतीय रक्षा उद्योग से जुड़े विभिन्न संस्थाओं के स्टॉल का अवलोकन किया। इस एक्सपो में डीआरडीओ, बीईएमएल, यंत्र इंडिया लिमिटेड सहित कई कम्पनी शामिल हुई। श्री संजय सेठ ने डीआरडीओ के वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की। एक्सपो में प्रदर्शित प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों के बारे में उन्होंने जानकारियां ली। इस अवसर पर सेठ ने कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग को इससे नई गति और शक्ति प्रदान करने में यह एक्सपो सकारात्मक भूमिका निभायेगी। उत्पादन, रोजगार सहित कई क्षेत्रों में नए अवसर सृजित होंगे।

सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारतीय




रक्षा उद्योग को नई ऊंचाई प्राप्त हुई है। आत्मनिर्भर भारत ,मेक इन इंडिया, जैसे मुहिम के माध्यम से दुनिया का आकर्षण बढ़ा है। हम एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहे हैं। भारत अब रक्षा उत्पादों में अपनी आत्मनिर्भरता तो बढ़ा ही रहा है, साथ में उत्पादों का निर्यात भी कर रहा है। आज हम दुनिया के प्रमुख रक्षा उत्पादकों में शामिल हो रहे हैं। आने वाले दिनों में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाला है। इस अवसर पर काउंसलेट जनरल डॉ सुशील कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह, बीईएलएम के सीएमडी श्री शांतनु राय मौजूद रहे।

## जुलूस ए मोहम्मदी में बड़ी गाड़ियां, दूसरे देश का झंडा बैनर पोस्टर पर अपना फोटो लगाने पर रहेगा प्रतिबंध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** इस्लामी मरकज हिंदपीढ़ी रांची में एदारा ए शरिया झारखंड की सरपरस्ती में सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमिटी ने प्रेस कांफ्रेंस की। जिस में एदारा ए शरिया झारखंड के नाजिम आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, कमिटी के अध्यक्ष मौलाना ताजुद्दीन, कारी अय्यूब, मुफ्ती जमील, मुफ्ती आकिब, मौलाना शमशाद, महासचिव अकील उर रहमान, मौलाना निजामुद्दीन, मौलाना आबिद रजा, कारी शौकत, कारी तालिब, मौलाना इरफान आदि थे। प्रेस कांफ्रेंस में कहा की ईद मिलादुन्नबी पर कोई भी बैनर पोस्टर में अपना फोटो, संस्था का फोटो नहीं लगाएंगे। जुलूस में दूसरे देश का झंडा लेकर नही चलेंगे। सिर्फ इस्लामिक झंडा होगा। जुलूस में डीजे, बड़ी गाड़ी, कोई अलग नारा नहीं लगायेंगे। हर हाल में कमिटी का



गाइडलाइन मानना होगा। जुलूस दिन के 11 बजे निकलेगा। सभी जुलूस अपने तय रूट से होते हुए डोरंडा मजार पहुंचेगा। ईद मिलादुन्नबी पूरे आस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ रांची के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जुलूस निकाला जाएगा। शहरी क्षेत्र एवं विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से जुलूस निकल कर अपने अपने क्षेत्रों से सुबह 7 से 8 बजे के बीच अपने निर्धारित मार्गो से होते हुए 10:30 बजे दिन में कर्बला चौक पहुंचेगी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, गुरूवार, 12 सितंबर 2024 | पेज 4


## किसान पाठशाला में आत्मा द्वारा समेकित कृषि प्रणाली पर प्रशिक्षण का सम्पन्न

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के किसान पाठशाला में कृषि प्रौद्योगिकी अभिकरण आत्मा द्वारा समेकित कृषि प्रणाली पर प्रखंड के विविन्न पंचायतों के किसानो का प्रशिक्षण का सम्पन्न हुआ. प्रशिक्षण कार्यक्रम उप विकास आयुक्त खूंटी शामिल रहे. प्रशिक्षण में बतौर प्रशिक्षक बीटीएम स्नेहलता तिग्गा ने किसानों को समेकित कृषि प्रणाली के विषय पर विस्तार पूर्वक बताया गया. प्रशिक्षण में किसानों ने बहुत ही जिज्ञासा पूर्वक समेकित कृषि प्रणाली को सीख रहे हैं. प्रशिक्षण में मुख्य रूप से आइ एफ सी ओ से सुशील कुमार, जेएसएलपीएस से विनय आर्यन, प्रगतिशील किसान परिमल सिंह, सिजेंटा फाउंडेशन से रंजीत कुमार शामिल रहे।



## हाहाप पंचायत में आजसू की बैठक

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखण्ड के हाहाप पंचायत अन्तर्गत लतारडीह में पंचायत प्रभारी महेन्द्र स्वांसी के अध्यक्षता एवं ग्राम प्रभारी दीनबंधु स्वांसी व अंजलि कुमारी के अगुवाई में आजसू पार्टी की बैठक की गई। मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि झारखण्ड राज्य की विधि ब्यवस्था गिरते जा रही है।झारखण्ड राज्य की हालत बद से बतर होते जा रही है युवाओं में बेरोजगारी की समस्या बढ़ते जा रही है। जिसके चलते राज्य के युवा आदिवासी मजबूर होकर काम के तलाश में प्रति दिन राज्य से बाहर पलायन कर रहें। हेमंत सोरेन सरकार 2019 में किऐ चुनावी लुभावन वादे सभी स्तर पर फेल है,स्थानीय नीति,नियोजन नीति ना होने की वजह से युवाओं को काम नही मिल रहा है महिलाओं को चूल्हा खर्चा ये सारे वादे धरातल में कहीं नहीं दिखता है। मौके पर केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,अनीता देवी,राकेश स्वांसी,आशीष रूण्डा,सुकर मणि देवी आदि दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस महानिदेशक रांची के निर्देशानुसार मुरी सिल्ली पुलिस के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड सभागार सिल्ली में बुधवार को किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला ने की। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रुप से दिप प्रज्वलित कर किया गया।इस कार्यक्रम में लगभग 50 आवेदन पहुंचे जिसमें पांच आवेदन का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। बाकी आवेदन का छानबीन कर एक से दो दिनों के अंदर निष्पादन कर दिया जाएगा। मौके पर सिल्ली डीएसपी रणवीर सिंह ने कहा कि जो लोग अपना शिकायत लेकर इस कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए हैं, वह ऑनलाइन आवेदन भेज सकते हैं। उनके शिकायत का भी निष्पादन तुरंत किया जाएगा। इस अवसर पर अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का, सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, एस आई आर के यादव, पंकज कुमार ,एमके कुशवाहा ,मणि भूषण पासवान, उत्तम कुमार ,ए एस आई महेंद्र बारा समेत कर्मचारी मौजूद थे।



## पिंकी सिंह को बनाया गया महिला कांग्रेस का प्रदेश उपाध्यक्ष

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा निवासी पिंकी सिंह को झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपी है।पिंकी सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, विद्यापति सिंह,रवि भारद्वाज,किशन कुमार सिंह सहित अन्य लोगो के नाम शामिल है।

## विश्व ईवी दिवस पर ईब्लू सेटी लॉन्च

**आसनसोल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इलेक्ट्रिक वाहन नवाचार में अग्रणी गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, विश्व ईवी दिवस पर ईब्लू सेटी का अनावरण करने के लिए उत्साहित है, यह एक नया ऑटो आकार का ई-रिक्शा है जो शहरी गतिशीलता को फिर से परिभाषित करने का वादा करता है। 1,99,999 रुपये एक्स-शोरूम की कीमत पर, ईब्लू सेटी को टिकाऊ और कुशल शहरी परिवहन समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक ड्राइवर और चार यात्रियों को आराम से बैठने की क्षमता के साथ, ईब्लू सेटी हलचल वाले शहर की सड़कों पर नेविगेट करने के लिए एक आदर्श विकल्प है। ईब्लू सेटी के आयामों को सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है, जिसमें 2170 मिमी का व्हीलबेस, 993 मिमी की कुल चौड़ाई, 2795 मिमी की कुल लंबाई और 1782 मिमी की कुल ऊंचाई है।

# योजनाओं को धरातल पर उतरना हमारी प्राथमिकता है : शिल्पी नेहा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को विधायक मद से निर्माण होने वाले कई योजनाओं का मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा शीलान्यास किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बरगड़ी, मुड़मा, टाँगरबसली, करगे, रेंगे, हेशमी, चुन्द, धौठाटोली का योजनाएं को शिलान्यास किया । इस दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हूए कहा की आने वाले समय में मांडर विधानसभा क्षेत्र एक विकसित विधानसभा क्षेत्र के रूप में जाना जाएगा मेरे द्वारा लगातार क्षेत्र के विकास को लेकर सजग रहते हुए कई बड़ी छोटी योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि शिलान्यास की जा रही सभी योजनाओं का समय पर कार्यान्वयन उनके लिये सबसे ज़्यादा जरूरी है। आज अपने मांडर विधानसभा क्षेत्र में लाखो रुपये के लागत से बनने वाली योजनाओं का विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। आज के विविध शिलान्यास कार्यक्रमों में कांग्रेस पार्टी के अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं के साथ ही ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।



# कराँजी मेला मैदान में पांच दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के कराँजी मेला मैदान में बुधवार को एमवाईसी फुटबॉल क्लब फुटबॉल महासंग्राम के तत्वाधान में पांच दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाईनल मैच का शुभारंभ उपप्रमुख प्रमुख मोद्दसिर हक और डीएसपी अखिल नितिन कुजूर ने फुटबॉल किक मारकर किया। पांच दिवसीय मैच में कुल 16 टीम ने भाग लिया। फाईनल मैच जीएफसी जरिया और तबरेज स्पोटिंग बारिडीह के बीच खेला गया। जिसमें जीएफसी जरिया टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेमी फईनल में जीएफसी जरिया बनाम जेपी एकेडमी बोंडु मांडर के बीच खेला गया। जेएफसी जरिया 1-0 से जीत दर्ज की। वहीं दूसरा सेमी फाईनल तबरेज स्पोटिंग बारिडीह और सरना क्लब महुगांव के बीच खेला गया। तबरेज स्पोटिंग बारिडीह पेनाल्टी में 0-1 से विजयी रहा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जीएफसी जरिया टीम को उपप्रमुख प्रमुख मोद्दसिर हक और डीएसपी अखिल नितिन कुजूर ने बड़ा खस्सी, एक ट्रॉफी और 25 सौ रूपैया देकर सम्मानित किया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तबरेज स्पोटिंग बारिडीह टीम को बड़ा खस्सी, एक ट्रॉफी और 15 सौ रूपैया दिया गया। वहीं तीृतय स्थान प्राप्त करने वाला जेपी एकेडमी बोंडु टीम को बड़ा खस्सी और एक ट्रॉफी दिया गया। वहीं चौथे स्थान प्राप्त करने वाले सरना क्लब महुगांव के टीम को भी बड़ा खस्सी और ट्रॉफी दिया गया। तबरेज स्पोटिंग बारिडीह के गोलकीपर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। जिसे मुस्कान फैशन वस्त्रालय की ओर से पुरूस्कृत किया गया। मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक, इटकी उपप्रमुख प्रवेज राजा, नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, हाजी ईस्माइल अंसारी, मंजुर अंसारी, कुदूस अंसारी, अब्दुल अंसारी, मोबारक अंसारी, करीम अंसारी, रूस्तम अंसारी, संभु बैठा, मो. फहीम, मकसुद खान, मो. इमरान, मो. सनाउल्ला, प्रधान ऑस्कर मिंज, तबरेज अंसारी, कमेटी के अध्यक्ष सरफराज अंसारी, सचिव इबराल आलम, संरक्षक सहबान अंसारी, खालिद अंसारी, मतिन अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।



# कला,संस्कृति व खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव की जाएगी मदद : संजीव कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में ओभरऑल विजेता बनी पिपरवार एरिया टीम के कलाकारों ने बुधवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार से मुलाकात कर उन्हें विजेता ट्रॉफी सौंपा।पिपरवार एरिया टीम के सभी कलाकारों ने संयुक्त रूप से महाप्रबंधक संजीव कुमार को ट्रॉफी सौंपी।इस दौरान महाप्रबंधक संजीव कुमार ने टीम के सभी कलाकारों के साथ बैठक की,जिसमें उन्होंने पिपरवार एरिया की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले टीम के सभी कलाकारों को बधाई दी।टीम के द्वारा बताया गया कि पिपरवार की ओर से प्रतियोगिता में शामिल कुल आठ कलाकारों ने प्रथम,दो कलाकारों ने द्वितीय और चार कलाकारों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिसमे पिपरवार एरिया को कुल 48 अंको के साथ ओभरऑल चैम्पियन का खिताब प्राप्त हुआ है।पिपरवार एरिया टीम की ओर से तबला वादन में संतोष दास प्रथम,गिटार में हीरा दास प्रथम,लाइट सॉन्ग एवं गीत में रतनलाल प्रथम, बांसुरी में तेतर भगत प्रथम, नज़रुल गीत में संजय चटर्जी प्रथम,ठुमरी में विजय शर्मा प्रथम,आर्केस्ट्रा में हीरा दास एंड ग्रुप प्रथम,गीत में रतन लाल प्रथम,ध्रुपद में विजय शर्मा द्वितीय,कव्वाली में इम्तियाज एंड ग्रुप द्वितीय, भजन में जयपाल दास तृतीय,गजल में गोपाल शर्मा तृतीय,रविंद्र संगीत में स्वरूप सन्यामत तृतीय और ठुमरी में गोपाल शर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किया है।इस दौरान टीम के कलाकारों ने कई समस्या से महाप्रबंधक को अवगत कराया।वही जीएम सजींव कुमार ने टीम के सभी कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि कला संस्कृति एवं खेल को बढ़ावा देने के लिए सीसीएल प्रबंधन काम कर रही है।पिपरवार टीम को ओर मजबूत बनाने के लिए कलाकारों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।उन्होंने कोल इंडिया स्तर पर होने वाले सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए पिपरवार टीम के सभी कलाकारों का मनोबल बढ़ाया और बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने की कामना की।



# भजन संध्या के साथ गणेश पूजा धूमधाम से सम्पन्न

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी रेलवे क्लोनी में श्री श्री गणेश पूजा कमिटी द्वारा चार दिवसीय गणेश पूजा भजन संध्या के साथ धुमधाम से सम्पन्न हुआ। पश्चिम बंगाल से आए हुए पुरोहित राघवेन्द्र स्वामी ने पुरे विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना किया। मंगलवार की शाम भक्तों के नाम रहा। जमशेदपुर से आए हुए दलजीत सिंह परवाना ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। भजन का शुभारंभ गणेश स्तुति के किया गया साथ ही कलाकारों द्वारा भक्ति गीतों पर सभी को झुमने के लिए मजबूर कर दिया। सभी भक्तगण भक्ति में लीन हो गए। संध्या भजन का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। इस संध्या भजन में काफी श्रध्दुलुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं भी इस भजन संध्या में शामिल हुए और झुमने लगे। बुधवार को हवन आरती के साथ पूजा का समापन हुआ। शाम के समय भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया। श्रद्धालु नाचते गाते प्रतिमा को रेलवे क्लोनी का भ्रमण कराया एवं स्वर्ण रेखा नदी में पुरे विधि-विधान के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। चार दिनों तक पुरा क्षेत्र गमगीन हो गया। इस चार दिवसीय गणेश पूजा को सफल बनाने में श्री श्री गणेश पूजा कमिटी के अध्यक्ष कांता राव, उपाध्यक्ष वी वी राव, बाला राव,रवि शेखर,लोकेश राव, सुधीर राव, वेंकट राव,पवन कुमार, सरोज शर्मा, दीपनारायण सिंह, समेत कमिटी के सदस्यों का काफी योगदान रहा।



## पिपरवार मे कोलफील्ड मजदूर यूनियन व प्रबंधन के बीच हुई एजेंडा मीटिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना ओसीपी पिपरवार यूनिट मे बुधवार को कोलफील्ड मजदूर यूनियन एवं प्रबंधन के बीच 17 सूत्री मांग पत्र पर एजेंडा मिटिंग हुई।इस बैठक में यूनियन के द्वारा प्रबंधन को दिए गए 17 सूत्री मांग पत्र पर चर्चा की गई,जिसमें कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।मिटिंग मे मुख्य रूप से बिजली की समस्या,क्वार्टर की समस्या,कॉलोनी की साफ-सफाई,हैवी व्हीकल का मेंटेनेंस,प्रदूषण नियंत्रण पर रोक,मशीनों का रख रखाव सही तरीके से करने, लंबित पदोन्नति सहित कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में प्रबंधन के द्वारा क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक पहल कर समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया गया।मिटिंग में प्रबंधन की ओर से अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार,कार्मिक प्रबधंक हेमचंद महतो, परियोजना अभियंता उत्खनन मिथिलेश कुमार के अलावे यूनियन की ओ से क्षेत्रीय सचिव भीम सिंह यादव,अनिल कुंवर,रामू गोप,हरिवंश महतो,गांधी राम साहू,राम बच्चन यादव, सुरेश चौधरी,रविंद्र सिंह, मनोज सिंह,एसडी राम, सुरेश चौधरी,मथुरा प्रसाद मंडल सहित यूनियन के कई लोग मौजुद थे।

## पिपरवार के कल्याणपूर मे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टण्डवा बीडीओ देवलल उरांव और विशिष्ट अतिथि मे टण्डवा अंचलाधिकारी बिजय दास,बीस सूत्री सदस्य सुभाष यादव और कल्याणपुर पंचायत के मुखिया महेश मुंडा ने फीता काट और द्वीप जलाकर कार्यक्रम का शुभांरभ किया ।इस शिविर में टंडवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया ।जिसमें लोगों ने विभिन्न योजनाओं के लाभ को लेकर अपना-अपना आवेदन जमा किया ।योजनाओं के लाभ को लेकर जमा किए गए कई आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि झारखंड सरकार के आदेश पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर किया जा रहा है,जिसके माध्यम से पंचायत के लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इसके अलावा शिविर के माध्यम से लोगों के बीच योजनाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया जा रहा है ।इस शिविर मे बीडीओ देवलाल उरांव, सीओ बिजय दास,जिला परिषद सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, मुखिया महेश मुंडा सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।



## विधायक ने किया शहीद रघुनाथ महतो के प्रतिमा पर शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम हाईटेंशन मैदान चौक स्थित चुहाड़ विद्रोह के महानायक एवं प्रथम भारतीय स्वतंत्रता सेनानी क्रांति वीर शहीद रघुनाथ महतो की आदमकद प्रतिमा पर विधायक निधि से शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास खिजरी के विधायक माननीय श्री राजेश कच्छप के कर कमलों एवं केशव महतो कमलेश पूर्व विधायक सह अध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी रांची, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी और राकेश किरण महतो अध्यक्ष रांची जिला कांग्रेस कमिटी एवं अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो, पूर्व रजिस्टर रांची विश्वविद्यालय डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉक्टर धनेश्वर महतो, शीतल ओहदार, ललित महतो, डां गोविंद महतो, शत्रुघ्न महतो, पूर्व पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, मधुसूदन महतो, राजकुमार महतो, झामुमो नेता मंटू लाला, झामुमो नेता बीरू साहू, गोविंद शंकर महतो, पूर्व जिला परिषद सुनील उरांव, अर्चना मिश्रा, नामकुम प्रखण्ड महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना सांगा, भूदेव महतो, जगदीश चंद्र महतो, भुवनेश्वर महतो, किशोरी लकड़ा, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, ईश्वर महतो, मुचीराम महतो, पंचू तिर्की एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक रविवार को

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी होने वाले दुर्गा पूजा की तैयारी एवं कमिटी की गठन को लेकर एक आवश्यक बैठक 15/09/2024 दिन रविवार को संध्या 5 बजे नॉर्थ सेटलमेंट दुर्गा मंदिर परिसर ए टाइप रेलवे क्लोनी में रखी गई है।इस बैठक में सभी कमिटी के सदस्य शामिल होकर बैठक को सफल बनाए। इसकी जानकारी नॉर्थ सेटलमेंट दुर्गा पूजा समिति की ओर से दी गई है।

# डीएवी बचरा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसके तहत स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने स्कूल के सभी शिक्षकों और बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।इस अभियान के तहत स्कूल परिसर में साफ सफाई की गई,साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

इस मौके पर स्कुल के वरिष्ट शिक्षक आरबी प्रसाद सहित सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।जानकारी के अनुसार स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्कूल प्रांगण में स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया।स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने बताया कि एक सितंबर से लेकर 15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है,जिसके तहत डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इससे पूर्व अभिभावकों और शिक्षकों के बीच विशेष बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें विद्यालय और घर में स्वच्छता रखने के लिए उन्हें जागरुक एवं प्रेरित किया गया।इसके अलावा स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों ने स्कूल के अगल-बगल इलाकों में अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्कूल प्रागंण में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के बच्चों को डस्टबिन के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई।स्कूल के शिक्षक एसके पांडेय ने नीले और हरे रंग के डस्टबिन के प्रयोग के बारे में जानकारी दी।इसके अलावा स्कूल के बच्चों के बीच स्वच्छता पर आधारित चित्रांकन और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।वही विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को सही तरीके से हाथ धोने एवं महामारी के समय स्वच्छता को अपनाने के प्रति जागरूक किया गया।इस मौके पर स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी,वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद,एसके पांडेय,एके लाल,सीएस सिंह,एपी द्विवेदी,जयशंकर प्रसाद,आभा खन्ना,सुदीप्ता डे,आरआर दत्ता,अनीता सोनी,प्रेमसागर,एसके गुप्ता सहित स्कूल के सभी शिक्षक बच्चे और कर्मचारी मौजूद थे।




# सतर्कता जागरूकता अभियान पर बचरा अस्पताल में रक्तदान शिविर कल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में चलाये जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा शुक्रवार 13 सितंबर को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।इस शिविर को लेकर स्थानीय सीसीएल प्रबंधन एवं अस्पताल प्रबंधन के द्वारा सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। बुधवार को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक संजीव कुमार ने प्रेसवार्ता कर क्षेत्र के सभी लोगों से शिविर में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि पिपरवार में सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है,जिसके तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है।यह एक पुण्य का काम है।आपके रक्तदान करने से किसी भी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। पिपरवार क्षेत्र कोयला उत्पादन के साथ-साथ इस तरह के कार्यो में काफी बढ़-चढ़कर भाग लिया है।इससे पूर्व भी पिपरवार क्षेत्र के लोग रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लेकर रक्तदान किया और आगे भी इस तरह के आयोजन में लोगो से भाग लेने की उन्होंने अपील की।उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से जहां एक और दूसरों की जान बचाई जा सकती है तो वहीं रक्तदान करने वाले लोगों को भी इसका लाभ होता है। उन्होंने पिपरवार क्षेत्र के सभी सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी,यूनियन प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक पार्टी, समाजसेवी, सीआईएसएफ, सहित क्षेत्र के ग्रामीणों से शिविर में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है।


## शपथ पत्र

मैं मोहिनी देवी पति स्व0 भीखन महतों साकिन देवराडीह, पो0 मन्दरामो , थाना :-बगोदर, जिला गिरिडीह के निवासी हुँ,शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि

1. यह की मेरी उम्र लगभग 51 वर्ष हैं

2. यह कि मेरा जन्म प्रमाण पत्र सं B202420007670000037 एवं New P.P.O Number 20037300400482 मे मेरा नाम MOHINI DEVI दर्ज है लेकिन आधार कार्ड सं0 7301 8226 6833 में मेरा नाम मोहिनी (MOHANI DEVI )दर्ज है।

3. यह, कि MOHINI DEVI और MOHANI DEVI दोनों नामो के एक ही महिला जो स्वयं हूँ।

4. यह की आधार कार्ड सं0 7301 8226 6833 में नाम मोहिनी देवी दर्ज करवाने के लिए यह शपथ पत्र कर रही हूँ।

**घोषणा**

मैं मोहिनी देवी पति स्व0 भीखन महतो शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त व्यानात मेरी जानकारी में सही सत्य एवं दुरूस्त हैं।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने लगवाया स्ट्रीट लाइट



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा उत्तरी -02 के जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो की जिला परिषद निधि से स्वीकृत 100 स्ट्रीट लाइट क्षेत्र के सभी गांवों में लगाया जाएगा। इसका शुभारंभ बुधवार को पटमदा की कमलपुर व बांगुड़दा पंचायत में किया गया। उन्होंने गांवों के विभिन्न चिन्हित स्थलों में खुद खड़े रहकर लाइटों को लगवाया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के खासकर शिव मंदिर, हरि मंदिर समेत विभिन्न सार्वजनिक स्थलों को चिन्हित किया गया है। आज गांव में इसका शुभारंभ होने से लोगों में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि अगले 5 वर्षों तक इसका मेंटेनेंस ठेकेदार की ओर से किया जाएगा।

## एआईएसएमजेडब्लूए ने किया नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के कुदा तिरूलडीह गणेश मेला में बुधवार को आल इंडिया स्माल एण्ड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पूर्णीमा नेत्रालय तामुलिया के द्वारा एकदिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ सतेन्द्र पासवान, थाना प्रभारी आलम चांद महतो, एआईएस एम जेडब्लूए के प्रदेश प्रवक्ता अरूण कुमार माझी, जिला सचिव संतोष कुमार साहू, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विद्युत महतो, विकास ठाकुर व मेला समिति के अध्यक्ष दुलाल कर्मकार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। पूर्णिमा नेत्रालय के चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का आंख का जांच किया गया। मोतियाबिंद के मरीजों का पूर्णिमा नेत्रालय में निःशुल्क ऑपरेशन होगा। वहीं बीडीओ ने कहा कि पत्रकार संगठन एआईएस एम जेडब्लूए द्वारा मेला परिसर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन अच्छी पहल है। वहीं प्रदेश प्रवक्ता अरूण कुमार माझी ने कहा कि संस्था पत्रकारों का आवाज सरकार के कानों तक पहुंचाने का काम करने के साथ ही विभिन्न समाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। मौके पर पूर्णिमा नेत्रालय के चैतन्या मुंडा, असीम कुमार बनर्जी, मेला समिति के अध्यक्ष दुलाल कर्मकार, सचिव गोवर्धन महतो, कोषाध्यक्ष परिक्षित महतो, राहुल पांडे, मंगल सिंह,भंदु मांझी, पत्रकार बानेश्वर महतो,मलखान महतो आदि उपस्थित थे।

## राजेंद्र विद्यालय के प्रबंधक से मिले झामुमो नेता



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजेंद्र विद्यालय के 90 बच्चों के भविष्य के सवाल पर बुधवार को झामुमो नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय के प्रबंधक से मिलकर समस्या का समाधान करने की मांग की। राजेंद्र विद्यालय के प्रबंधक ने राज लकड़ा से कहा कि 2 दिन का समय दीजिए इस मुद्दे पर समाधान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से झामुमो नेता नेता राज लकड़ा, उमर खान, कन्हैया रजक, उज्वल दास, राज कुमार, हेमंत कुमार, वसीम खान, साहिल सांडिल, मनोज सिंह व राजू अख्तर शामिल हुए।

## सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति छोटा गम्हरिया का पंडाल निर्माण हेतु भूमिपूजन संपन्न



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति छोटा गम्हरिया के पंडाल निर्माण के लिए बुधवार को भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पुजारी देबू ठाकुर द्वारा कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में सर्वप्रथम विधि-विधान से पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई, सदस्यों ने ध्वजारोहण कर पूजा पंडाल निर्माण की नींव रखी गई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुसेन महतो ने बताया कि जमशेदपुर के तत्कालीन सांसद सुनील कुमार महतो ने वर्ष 1978 में इस पूजा कमेटी की स्थापना की थी। तब से प्रतिवर्ष इस कमेटी द्वारा धूमधाम से दुर्गापूजा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी भव्य काल्पनिक पंडाल का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर कमेटी के देवेंद्र नाथ महतो, द्विजपद महतो, अमृत महतो, रंजीत महतो, मोनू झा, नारायण महतो, बादल महतो, रिंकू ठाकुर, निर्मल महतो, बाबू मिश्रा, माधव महतो, गोपाल महतो, देवराज महतो, रवि कर्मकार समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

## ईचागढ़ प्रखंड में कार्यरत दो महिला पर्यवेक्षिका को दी गई विदाई



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाल विकास परियोजना कार्यालय ईचागढ़ में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्री और जया पाण्डेय का एक समारोह कार्यक्रम कर विदाई दी गयी। दोनों महिला पर्यवेक्षिका ईचागढ़ प्रखंड में लगभग नौ साल तक अपना सेवा प्रदान किए है।समारोह में बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ कीकू महतो, प्रखंड प्रमुख गुरुपद मारडी सहित सैकड़ों आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थे। बीडीओ किकू महतो ने कहा कि सरकारी नौकरी में स्थानांतरण स्वाभाविक बात है। वही बीडीओ ने बताया कि समाज कल्याण विभाग की और से महिला पर्यवेक्षिका जया पाण्डेय का किस्को प्रखंड, लोहरदगा तथा हिमाद्री का हाटगम्हरिया प्रखंड, चाईबासा में स्थानांतरण हुआ है।

## वन पट्टा की मांग को पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने धरना प्रदर्शन कर हेमंत सरकार को चेताया



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** घंटा बजाओ, सरकार जगाओ कार्यक्रम के तहत पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने टोन्टो प्रखंड कार्यालय के समक्ष वनपट्टा दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को धरना-प्रदर्शन कर हेमंत सरकार का विरोध जताया। मधु कोड़ा ने कहा हेमंत सरकार ने चुनाव से पूर्व भूमिहीन को जमीन व वन पट्टा अधिकार देने का वादा किया था। लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। वन पट्टा अधिकार आदिवासी समुदायों के अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। वन पट्टा नहीं मिलने से सरकारी सुविधाओं के लिए आवश्यक कागजात जाति प्रमाण पत्र आदि नहीं बन पा रहे हैं। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से लेबेया लागुरी, बाबूराम लागुरी, रमेश बालमुचू, महाती लागुरी, सुखदेव पान, मुकेश दास, सिद्धार्थ बोदरा, तुराम बहान्दा, दिलीप लागुरी, संजय पुरती, पान्डु तिरिया, आनन्द तुबीड, पद्दु पिंगुवा, जानुमसिंह तामसोय, मुन्डा चुम्बरु लागुरी, ओडेया सिद्ध रेंगो लागुरी, जोन लागुरी, महाबीर लागुरी, उपस्थित थे जिन्होंने वनपट्टा को लेकर आंदोलन में उपस्थित रहे।

## बोलेरो चालक के खिलाफ पटमदा थाना में मामला दर्ज

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र के जलडहर पेट्रोल पंप के सामने सोमवार की शाम जमशेदपुर की ओर से आ रही एक बोलेरो व पटमदा बाजार से बामनी तरफ जा रहा एक टेम्पो में सीधी टक्कर हो जाने से टेम्पो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक पटमदा थाना क्षेत्र के सारी गांव निवासी गुरुचरण सिंह थे। इसमें कुल 4 लोग घायल हो गए थे। इलाज के क्रम में 55 वर्षीय गुरूचरण सिंह की मौत हो गई। मृतक की पत्नी बैसाखी सिंह के लिखित आवेदन पर मंगलवार की देर शाम दुघर्टना में शामिल बोलेरो के चालक के खिलाफ पटमदा थाना में मामला दर्ज किया गया है।

# राजनीति का हॉट स्पॉट बना कोल्हान

## 15 दिनों में 3 बार आ चुके सीएम, अब 15 को पीएम का दौरा

**प्रभात मंत्र पॉलिटिकल डेस्क**

**जमशेदपुर :** झारखंड में कोल्हान की जमीन भाजपा और झामुमो दोनों के लिए ही उपजाऊ साबित होता रहा है। प्रदेश की राजनीति या सत्ता पर यहां का दबदबा हमेशा कायम रहा है। यही वजह है कि 4 बार राज्य का मुख्यमंत्री देने वाला यह क्षेत्र अब सिर्फ प्रदेश ही नहीं देश भर के लिए चर्चा का केंद्र बन गया है। इसके कई कारण हैं जो एनडीए और इंडिया दोनों ही गठबंधन को पसीना बहाने के साथ-साथ रणनीति बनाने पर विवश कर दिया है। पहला कारण तो यह है कि 2019 में जीरो रन पर आउट होने के बाद भाजपा को राज्य की सत्ता गंवानी पड़ी। यहां की 14 सीटों में से 11 पर झामुमो, 2 पर कांग्रेस और 1 पर निर्दलीय सरयू राय (अब जदयू) ने कब्जा किया। यह पहला मौका था, जब भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली। जमशेदपुर संसदीय सीट के एकमात्र सांसद विद्युत वरण महतो के भरोसे भाजपा कार्यकर्ताओं को लगभग 5 साल विपक्ष की भूमिका निभानी पड़ी। दूसरा कारण है कि कोल्हान की अधिकांश सीटों पर जीत हासिल करने की रणनीति के तहत पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को झामुमो से तोड़कर लाना पड़ा। लेकिन सिर्फ सरायकेला विधानसभा सीट को छोड़ दें तो अन्य किसी सीट पर उनका कोई खास असर नहीं दिख रहा है।





### भाजपा और जेएमएम लगा रहे हैं पूरा जोर :

**भाजपा को इस बात का अहसास हो चुका है कि राज्य की सत्ता हासिल करने का रास्ता कोल्हान फतह के बिना संभव नहीं है। इसलिए केंद्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, चुनाव प्रभारी, सह चुनाव प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी से लेकर वरिष्ठ नेताओं के द्वारा लगातार कैंप किया जा रहा है और एक-एक सीट पर मंथन जारी है। झारखंड की राजधानी रांची के बजाय अब राज्य की राजनीति कोल्हान प्रमंडल में ही शिफ्ट हो चुकी है। आगामी विधानसभा चुनाव को सिर्फ कुछ ही महीने बचे हैं ऐसे में राज्य का राजनीतिक माहौल गरमाने लगा है। एनडीए और इंडिया दोनों ही गठबंधन अपने स्तर से पूरा जोर लगा रहा है।भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान, सह प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वशर्मा तथा केंद्रीय मंत्री संजय सेठ के अलावे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं का दौरा हो चुका है। आगामी 15 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वंदे भारत ट्रेन की सौगात के नाम पर जमशेदपुर आगमन को भी कोल्हान में भाजपा की रणनीति से ही जोड़कर देखा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी पीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पूरा ध्यान दे रहे हैं। वहीं इंडिया गठबंधन भी अपना पिछला प्रदर्शन को बरकरार रखने एवं इस बार जमशेदपुर पूर्वी सीट को भी कांग्रेस के बहाने अपनी झोली में डालने को लेकर रणनीति चल रही है।**

### कई दिग्गज मैदान मारने का भिड़ा रहे हैं जुगाड़ :

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह पूर्व सांसद डा.अजय कुमार लगातार पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं और वे वर्तमान जदयु के विधायक सरयू राय के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के खिलाफ हमलावर हैं।जबकि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे भी अपने स्तर से सक्रियता दिखा रहे हैं। 9 सितंबर को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का भी जमशेदपुर में कार्यकर्ताओं के साथ सभा एवं बैठक करना उसी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि जिलाध्यक्ष दुबे और डा. अजय के समर्थकों के बीच हुए विवाद ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को भी नाराज कर दिया। दूसरी ओर 15 दिनों के अंदर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 3 बार कोल्हान का दौरा और उसमें भी सरायकेला जिले में 2 बार कार्यक्रम भी इंडिया गठबंधन की चुनावी तैयारी का संकेत है। 28 अगस्त को सरायकेला विस क्षेत्र के रापचा मैदान में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की पहली किस्त जारी किया गया। 8 सितंबर को गुवा गोलीकांड के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने व 10 सितंबर को ईचागढ़ विस क्षेत्र के डोबो काजू बगान मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होना यह दर्शाता है कि दोनों ही गठबंधन लड़ाई को तैयार है।भले ही चुनाव आयोग द्वारा तिथि की घोषणा अभी नहीं की गई हो, लेकिन कोल्हान में राजनीति पूरी तरह से शिफ्ट हो चुकी है।

## आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने बंगाल बॉर्डर को किया घंटों जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के बड़ासुसनी स्थित बंगाल बॉर्डर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के तत्वावधान में सड़क पर उतरे आंदोलनकारियों ने जिला संयोजक विश्वजीत प्रमाणिक के नेतृत्व में बुधवार को जाम कर दिया। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगातार जाम होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। मौके पर बोड़ाम पुलिस पहुंची और आंदोलनकारियों को समझाने का प्रयास किया। केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर यह आंदोलन शुरू किया गया है। इसमें मुख्य रूप से विश्वजीत प्रमाणिक, शरत महतो, मलिंद्र सिंह, शिवशंकर महतो, छुटुलाल महतो, शंकर महतो समेत दर्जनों लोग शामिल थे। वहीं कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राखडीह बंगाल बॉर्डर पर सड़क को जाम कर दिया। इस मौके पर आनंदमय महतो, अभिलाष महतो, मदन महतो समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर पटमदा के बेलटांड़ चौक में भी झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा से जुड़े आंदोलनकारियों ने सड़क पर उतर कर विरोध प्रर्दशन किया। मौके पर दुर्योधन महतो, रसराज महतो, दुलाल कुंभकार, बाबलू दत्त, दयानिधि कालिंदी व दयामय मोदक आदि मौजूद थे।

## महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये प्रतिबद्ध है हेमंत सरकार : दशरथ गागराई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां :** खरसावां के जोरडीहा में जेएसएलपीएस की आजीविका महिला संकुल स्तरीय स्वावलंबी सहकारी समिति का वार्षिक आम सभा आयोजित की गयी। बैठक में समिति का वार्षिक प्रतिवेदन व लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रुप रेखा भी तय किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि राज्य के विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी हर हाल में जरूरी है। यही वजह है कि हमारी सरकार आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रही है। स्वयं सहायता समूहों को पलाश ब्रांड से जोड़कर उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की ब्रांडिंग ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार के द्वार खोल दिये हैं। मौके पर मुख्य रुप से बासंती गागराई, मुखिया सोनामुनी पुरती,पूर्व मुखिया मीना माझी,मांगीलाल पुरती, उप मुखिया दीपक हेंब्रम, बीस सूत्री अजय सामड़, अनूप सिंहदेव, सानगी हेंब्रम, रानी बानरा, बिदामुनी तापे, नामसी मुंडा, मीनारी बोदरा आदि उपस्थित थे।

## कबड्डी में घाटशिला को हराकर प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा बनी चैंपियन

- **जिला स्तरीय खेलो झारखंड कार्यक्रम आयोजित**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के पीपुल्स अकादमी प्लस टू उच्च विद्यालय, बाराद्वारी में जिला स्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 के तहत खो खो और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा विभाग की ओर से किया गया। कबड्डी में प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा के अंडर-17 (बालक वर्ग में) छात्रों ने फाइनल में घाटशिला को हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। विजेता टीम को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। अब यह टीम राज्य स्तरीय खेलो झारखंड में भाग लेने के लिए रांची जायेगी। जिला स्तरीय में चैंपियन बनाने में विद्यालय के खेल शिक्षक राहुल कुमार एवं दल मैनेजर कृष्ण कुमार का अहम योगदान रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि कबड्डी में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों का गुरुवार को विद्यालय में जोरदार स्वागत किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार सेठ सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों को बधाई दी।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में धूमधाम से मना महासर माता का तृतीय वार्षिक उत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** बुधवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन के एसी हॉल में कुलदेवी महासर माता का तृतीय वार्षिक उत्सव (अष्टमी तिथि) को धूमधाम से मनाया गया। माता के जयकारों के तुलसी भवन पांच घंटा तक गूंजता रहा। जिसमें कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों सहित दूसरे शहरों से भी श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसका आयोजन श्री महासर माता परिवार जमशेदपुर (कोल्हान) द्वारा किया गया था। कीर्तन उत्सव संध्या 6 बजे से शुभारंभ हुआ, जो रात 11 बजे तक चला। बुधवार की संध्या 6 बजे से महासर माता की पूजा अर्चना एवं ज्योत प्रज्जवलित का शुभारंभ हुआ। यजमान संजय भालोटिया, नवीन भालोटिया, बलराम अग्रवाल, कुणाल भालोटिया और सुनील भालोटिया ने सपत्नी पूजा की और महासर धाम के संजय गुरुजी के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना संपन्न हुई। पंडित रामजी पारिक ने पूजा में सहयोग किया तथा सबको रक्षा सूत्र बांधा। इस धार्मिक उत्सव में दिव्य अखंड ज्योत, देवी का अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, छप्पन भोग एवं महाप्रसाद आकर्षण का केंद्र बना रहा। उत्सव के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से गजानंद भालोटिया, अशोक भालोटिया, दीपक भालोटिया, राजेश पसारी, प्रदीप मित्तल, प्रमोद भालोटिया, अजय भालोटिया, टोनी भालोटिया, गणेश भालोटिया, संगीता मित्तल, नैना मित्तल, मंजु, कविता मित्तल, बलराम अग्रवाल, अनंत मोहानका, अमित खेड़िया, पप्पू अग्रवाल, विजय भालोटिया, भरतेश शर्मा आदि का योगदान रहा।

## देवघर, पलासबनी और गौरडीह पंचायत में आयोजित शिविर में शामिल हुए विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंर्तगत जमशेदपुर प्रखंड के देवघर व पलासबनी एवं बोड़ाम प्रखंड के गौरडीह पंचायत मंडप में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड प्रशासन के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने तीनों पंचायतों में शामिल होकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक और पदाधिकारियों ने प्रखंड एवं अंचल के विभिन्न विभागों के लगाए स्टॉल का निरीक्षण कर स्टॉल में उपस्थित कर्मियों को लाभुकों का सहयोग करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार में झारखंड की माताओं व बहनों को मंईयां सम्मान योजना, कृषि ऋण माफ, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली व बकाया बिल माफ, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सीएमईजीपी, गुरुजी क्रेडिट कार्ड आदि महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिला है। मौके पर बीडीओ, सीओ समेत सभी विभागों के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## जुलूस-ए-मोहम्मदी में डीजे साउंड सिस्टम की मनाही, 500 से अधिक वॉलिंटियर होंगे तैनात

- **तंजीम अहले सुन्नत व जमात के दूसरी बैठक मानगो में संपन्न**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** आगामी 16 सितंबर (सोमवार) को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जश्ने ईद मिलादुन्नबी. इस संबंध में तंजीम अहले सुन्नत व जमात के द्वारा दूसरी बैठक मंगलवार को मानगो में आयोजित की गई. इस बैठक में इंतजामिया के लोगों के साथ-साथ लौह नगरी के धार्मिक गुरुओं,मस्जिद के इमामो और बुद्धिजीवियों ने भारी तादाद में शिरकत की. बैठक की अध्यक्षता मुफ्ती आबिद हुसैन नूरी ने किया. बैठक में तंजीम के जनरल सेक्रेटरी प्रसिद्ध इस्लामिक स्कॉलर मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी ने कहा है कि 16वां मोतहदा जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल होने वाले लोगों से अपील की गई है डीजे साउंड सिस्टम को जुलूस में लेकर नहीं आए. मानगो गांधी मैदान से सुबह 8:30 बजे जुलूस निकलेगा साकची आम बागान मैदान में उलेमा ए कराम की तकरीर और दुआ होगी. वहां से जलूस साकची गोलचक्कर,स्टेट माइल रोड,जूस्को गोलचक्कर होते हुए धतकीडीह समुदायिक मैदान पहुंचेगा जहां उलेमा ए कराम की तकरीर और दुआ पर जुलूस का समापन होगा. शहर में 16 वां मोतहदा जुलूस-ए-मोहम्मदी भव्य रूप में निकाला जाएगा,उस के प्रबंधन और अनुशासन और जुलूस की सफलता के लिए मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में बैठक आयोजित की जा रही है. तंजीम के मौलाना शमशाद उल कादरी ने कहा कि छोटे ट्रक एवं मोटरसाइकिल सवार लोग जुलूस के पीछे पीछे चलेंगे. जुलूस को नियंत्रण करने के लिए धतकीडीह, जुगसलाई,आजादनगर में 500 से अधिक वॉलिंटियर को प्रशिक्षण दिया जाएगा. प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्हें सेफ्टी टी शर्ट और आईडी कार्ड प्रदान किया जाएगा. यह सभी लोग जुलूस के मार्गो पर दूसरों को तकलीफ नहीं हो इसका ख्याल रखेंगे. इस के साथ ही यातायात बहाल रखने में प्रशासन का सहयोग भी करेंगे. इस बैठक में मुख्य रूप से मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी,मुफ्ती आबिद हुसैन मिस्बाही,मौलाना शमशाद उल कादरी,मौलाना बुरहानूल हुदा, मौलाना कलीमुद्दीन हबीबी,अल्हाज मुख्तार सफी,माजिद अख्तर,शाहिद रजा मुर्तजा, सैयद शौकत अली, शाहिद रज़ा,मो जावेद,मस्जिदों के इमाम,अध्यक्ष,सदस्य,प्रमुख बुद्धिजीवी सहित समाज के बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## चित्रगुप्त भवन में शिकागो दिवस पर सेमिनार का आयोजन

## युवाओं के रोल मॉडल चयन में पुरानी शिक्षा नीति बाधक : भानु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** शिकागो दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद व्याख्यानमाला समिति की ओर से सोनारी स्थित चित्रगुप्त भवन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया. दो सत्रों में आयोजित समारोह में उद्घाटन के बाद तकनिकी सत्र आयोजित हुआ, जिसमें अन्य शहरों से आनेवाले अतिथि वक्ताओ ने उपरोक्त विषय पर अपने पेपर प्रस्तुत किये, जिसे बाद में समिति द्वारा प्रकाशित कराया जाएगा. सेमिनार का उद्घाटन टाटा स्टील के वीपी (ऑपरेशन्स) चैतन्य भानु ने किया. अन्य अतिथियों में अवकाशप्राप्त झारखंड पुलिस के डीआईजी दीपक सिन्हा, रांची सेंट्रल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर डा. जेपी लाल और जय प्रकाश नारायण विश्वविद्यालय के कुलपति डा. पीके वाजपेयी, पटना के डा. शंभू शरण प्रसाद मौजूद थे. अतिथियों का स्वागत समिति के संयोजक ए के श्रीवास्तव, संचालन संजीव तथा धन्यवाद ज्ञापन समिति के सह संयोजक अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया. मुख्य अतिथि श्री भानु ने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका काफी अहम हो गया है, लेकिन हमारी पुरानी शिक्षा नीति के कारण हम अपने रोल मॉडल का चयन बेहतर ढंग से नहीं कर पा रहे हैं. उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा बेहतर उपयोग कर हम देश का समुचित विकास कर सकते हैं. इसलिये हमें स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने की जरुरत है. विशिष्ट अतिथि दीपक सिन्हा ने कहा कि आजकल के युवा रील बनाने में अधिक व्यस्त हैं, जबकि राष्ट्र निर्माण व राष्ट्र की गरिमा बनाये रखने के लिये हमें चरित्र निर्माण की जरुरत अधिक है. राजनीतिक पार्टियों के वोटर बनने के बजाय राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगना चाहिये. कार्यक्रम को सफल बनाने में अभय सिंह, शशांक शेखर, अशोक दुबे आदि की सराहनीय भूमिका रही.

झारखंड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी ई–निविदा आमंत्रण संख्या:–10/2024-25/ RWD/W/EE/GUMLA दिनांक–27.08.2024, PR- 333816 (Rural Works Department)24-25 (D) द्वारा प्रकाशित हुआ था को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल गुमला

PR 335447 (Rural Work Department)24-25*D

**संक्षिप्त खबरें**

## पांच दिवसीय भव्य गणेश उत्सव देवस्थल में धूमधाम से संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देवस्थल गणेश पूजा समिति द्वारा लगातार दसवें वर्ष पूरे भव्यता के साथ गणेश उत्सव 5 दिनों तक धूमधाम से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मनाया गया। आज दिनांक 11 सितंबर को भव्य शोभायात्रा निकालकर विभिन्न नारों भगवान गणेश को अगले बरस तू जल्दी आना आदि विभिन्न नारों के साथ देव स्थल प्रांगण में ही स्थित सरोवर में विसर्जन किया गया। आचार्य सूरज मिश्रा के ब्रह्मत्व में पूरे विधि विधान के साथ नई शक्तियां विधि विधान के साथ पूजन पाठ किया गया। शांति नगर देव स्थल से पतरा टोली होते हुए वापस कचहरी मोड़ से ब्लॉक कॉलोनी तक शोभायात्रा निकाला गया एवं देव स्थल प्रांगण में विसर्जन की प्रक्रिया आचार्य सूरज मिश्रा की अगवाई में संपन्न कराई गई। इस दौरान महिलाओं का जत्था बेहद सक्रियता के साथ मौजूद रही। देव स्थल गणेश पूजा समिति द्वारा इस आयोजन में सभी सहभागी बने श्रद्धालुओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद प्रकट किया गया।

# जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्याचार निवारण से संबंधित मामलों पर क्रमवार विस्तार पूर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में समिति के सदस्यों के द्वारा कुल 3 मामले को स्वीकृति दी गई। शेष मामले में आवश्यक कागज़ात सूचि के साथ अगले बैठक में रखने की बात कही गई। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के पुंडरा पंचायत भवन में आपकी आपके द्वार कार्यक्रम का आगाज बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलित में पुंडरा पंचायत के मुखिया विनोद महतो, जिला परिषद सदस्य श्रीमती रोहिणी देवी एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमलता चंद्रा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में महिलाओं का खास कर काफी भीड़ नजर आई। जिसमें अबुआ आवास, बृद्धा पेंशन, मुख्य मंत्री मईयां सम्मान योजना, मनरेगा कार्ड, फसल बीमा योजना को लेकर काफी भीड़ रही। कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान मजदूर और समाज के अंतिम व्यक्ति तक झारखण्ड सरकार का महत्वाकांक्षी योजनाएं और सेवाएं गांव गांव तक पहुंचाने का लक्ष्य झारखंड सरकार का है। हर व्यक्ति को योजनाओं से जोड़कर राज्य के विकास में भागीदार बनाने के लिए हेमंत की सरकार ने ठान ली है।

## सहायक अध्यापक मोर्चा के द्वारा दिवंगत सहायक राम मुंडा के पत्नी को दी गई 50 हजार की सहायता



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष फणीश्वर यादव, सचिव संदीप कुमार एवं कोषाध्यक्ष उमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में दिवंगत सहायक राम मुंडा जो उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सलाई गड़ा में पढ़ाते थे। दिवंगत सहायक राम मुंडा के पत्नी फूलमनी नाग को 5 हजार नकद एवं खाता में 45 हजार रुपया कुल 50 हजार रुपया की सहायता राशि दिया गया।मौके पर मीडिया प्रभारी मंटू कुमार श्रीवास्तव, मनोज राणा, उमेश कुमार सिंह, दिलीप कुमार, प्रदुमन साहू, जितेंद्र कुमार, चंदन कुमार सिंह, मोहम्मद मुमताज हुसैन के अलावे अन्य सहायक अध्यापक मौजूद थे।

## अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ जेवरात समेत नगद चोरी कर फरार



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के गांगपुर में बीते मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ कर नगद सहित जेवरात की चोरी कर लिया।बताया गया कि चोरों ने गांव के बड़का आहार टांड़ पर महेश भुइयाँ के घर चोरी किया। वही बस्ती में दीपू भुइयाँ के घर का भी ताला टूटा पाया गया। दीपू भुइया अपने बच्चों के साथ ससुराल गया था। जबकि महेश भुइयाँ तथा उसका बेटा बाहर में रहकर मजदूरी का काम करता है। उसकी पत्नी अपनी बेटी के घर गई थी।घर मे अकेली एक छोटी बेटी थी जो शाम होते ही बस्ती में अपनी चाची के यहां चली गई। चोरों ने महेश भुइयाँ के यहां रात में ताला तोड़ कर बक्सा में रखा 18 हजार रुपया नगद तथा चांदी का जेवर लेकर फरार हो गए। बुधवार के सुबह घर का ताला टूटा देख लोग हैरत में पड़ गए। चोरों ने घर मे रखे समान को भी तीतर बितर कर दिया। चोरी के मामले को लेकर महेश भुइयाँ की पत्नी ने गिद्धौर थाना में आवेदन दिया है।थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने मामले की जांच में जुटे है।

# उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड़ मुख्यालय स्थित संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला परिषद सदस्य अनिता देवी ने औचिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में नामंकन पंजी, भोजन समेत कई जांच किया। जांच के दौरान विद्यालय छात्राओं को भोजन गुणवत्तापूर्ण देने का निर्देश दिया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी व जिला परिषद सदस्य ने फ्लाई एस ईट व बालू देख नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण कार्य मे लगे फ्लाई एस ईट घटिया है। जनकी बालू की क्वालिटी भी घटिया है। ईट व बालू हटाकर अच्छी क्वालिटी की ईट लगाने का निर्देश दिया है। बताया गया कि भवन निर्माण कार्य शारदा इंटर प्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के तहत किया जा रहा है। मौके पर 20 सुत्री प्रखंड़ उपाध्यक्ष रामदेव यादव, समाजसेवी बालेश्वर यादव, विद्यालय वार्डेन विन्दुपोदार समेत अन्य उपस्थित थे।

# लातेहार विस स्तरीय प्रत्याशीयों का चयन को लेकर रायशुमारी हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के द्वारा बुधवार को टाउनहॉल में जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ?। प्रत्याशियों के चयन को लेकर भाजपा के द्वारा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में रायशुमारी किया जा रहा था। जिसमें लातेहार विधानसभा का भी रायशुमारी किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बुथ स्तर के कार्यकर्ताओं से भी रायशुमारी लिया गया एवं उन्हें वोटिंग भी करने का अधिकार दिया गया। लातेहार विधानसभा के लिए दो दो पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे, जिसमें पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रेम मित्तल एवं रघुराज पाण्डेय प्रदेश कार्य समिति के सदस्य के उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से सभी कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री अमलेश सिंह के द्वारा किया गया जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे के द्वारा किया गया। मौके पर पूर्व विधायक प्रकाश राम, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल अमित नाथ शाहदेव, जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी, सरोज देवी, रमेश राम, राकेश दुबे इंद्रजीत यादव, चेतलाल रामदास, कल्याणी पाण्डेय, जबकि कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी जिला कार्समिति सदस्य मोर्चा के जिला पदाधिकारी, मंडल के मंच मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री पूर्व जिलाध्यक्ष न्यू वर्तमान जिला के पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक प्रभारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## करमा का त्योहार बहन अपने भाई के खुशहाली के लिए उपवास के साथ शुरू करती हैं : नीरू शांति भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा क्षेत्र के कुडू प्रखंड टीको,अमर शहीद वीर बुधु भगत मैदान में करम पूर्व संध्या का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में उपस्थित हुई । झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं आजसू पार्टी लोहरदगा विधानसभा प्रभारी तथा केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत इन्होंने अपने संबोधन में कहीं की आदिवासियों के जीवन दर्शन का हिस्सा है 'करम त्यौहार' करम एक वृक्ष है,जिसे आदिवासी समुदाय भादो महीने की एकादशी को पूजता है। पूजा के पश्चात् रातभर नृत्य फिर सुबह में युवक-युवतियां नदी या किसी तालाब में पोरहो (विसर्जित) कर देती हैं। 'करम' महज एक वृक्ष नहीं है, ये आदिवासियों की ऐतिहासिक धरोहर है, अध्यात्म और जीवन का अभिन्न अंग है। 'करम त्यौहार' महज एक वृक्ष की पूजा नहीं है,बल्कि समस्त पृथ्वी और पुकराल (यूनिवर्स) को सजीव बनाये रखने का प्रतीकात्मक प्रयास है। आदिवासियों के जीवन दर्शन का हिस्सा है 'करम त्यौहार',जिसे जलवायु परिवर्तन और वैश्विक ऊष्मीकरण के वैकल्पिक इलाज की तरह देखा जा सकता है। करम 'भाई-बहन' के प्यार का त्यौहार है, करम 'भाई-भाई' के प्यार का त्यौहार है। करम,बहन-बहन के प्यार,और भविष्य में होने वाले पति-पत्नी और बच्चे की कल्पना का भी त्यौहार है। करम जीवन-साथी की कल्पना और आने वाले पीढ़ी के सृजन की कहानी है. 'करम त्यौहार' आदिवासियों का रक्षा बंधन भी नहीं है, न ही इसका संबंध विश्वकर्मा से है. कुछ साथियों का मानना है कि 'करम पूजा' भाई-बंधन का रक्षा बंधन है. मेरी समझ से 'करम त्यौहार' के लिए किसी और त्यौहार का संदर्भ लेने की जरूरत ही नहीं है। मौके पर पूर्व शिक्षा विभाग के डायरेक्टर दिलीप टोप्पो जिला परिषद की अध्यक्षा रीना कुमारी आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल कुडू प्रखंड के अध्यक्ष कलीम खान आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष विजय उराँव प्रखंड के महिला अध्यक्ष बिना उराव।

## भाजपा संगठन से खुलकर नाराज हैं वरिष्ठ कार्यकर्ता राकेश रंजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** भाजपा और भाजपा संगठन से वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का मोहभंग और नाराजगी खुलकर सामने आ रही है एक के बाद एक वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा पार्टी से दूरी बनाते जा रहे हैं कुछ दिन पूर्व भाजपा संगठन के कई पदों पर विराजमान एकबाल सिंह ने तो त्यागपत्र ही दे दिया। वहीं आदिवासी के बड़े नेता आशुतोष सिंह चेरो साथ ही भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह जिला मीडिया प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दिया। वहीं इस क्रम में आगे बढ़ते वरिष्ठ राकेश रंजन ने भाजपा संगठन के जिला अधिकारी उनके कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान पर ठेंस पहुंचाने का जिम्मेदार बताया है। मौके पर राकेश ने बताया कि भाजपा पार्टी जो वर्तमान में देश व दुनिया की बड़ी पार्टी है हमने भाजपा और संगठन को आत्मा से सींचा था पर अब संगठन और पदों पर आलाकमान के द्वारा बिना सोचे समझे थोपा जा रहा है जो आगामी विधानसभा चुनाव के लिए घातक होगा।

## राजद जिला कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार आपातकाल बैठक आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय लातेहार में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के आदेशानुसार जिला में एक आपातकाल बैठक बुलाई गई, जिसमें जिला के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्षों ने उपस्थित होकर 29 सितंबर 2024 को पलामू प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए चर्चा किया गया। सम्मेलन में लातेहार जिला से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।इस कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव मोहर सिंह यादव रघुपाल सिंह सुरेश राम गिरजानंद सिंह बली यादव देवांश यादव विक्टर, जितेंद्र यादव दामोदर यादव भोला सिंह रंजीत यादव प्रीत लाल यादव विश्वनाथ उरांव आदित्य यादव दिलीप सिंह पवन राम सुरेश गुप्ता मिट्ठू सिंह अजय कुमार गुप्ता निसार अंसारी सहित राष्ट्रीय जनता दल के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बारेसाढ़ में जंगली हाथियों का आतंक, किसानों की फसलें बर्बाद, अपने क्षेत्र से वनरक्षी नदारद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** बारेसांढ़ वन क्षेत्र में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। प्रतिदिन हाथियों का झुंड गांव में घुसकर किसानों की मेहनत से तैयार की गई फसल को रौंद रहा है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। किसान खुद ही जंगली हाथियों को भगाने के लिए आग और मसालों का सहारा ले रहे हैं, लेकिन इससे स्थायी समाधान नहीं मिल पा रहा है। गांव के किसान कन्हाई सिंह, सकलदीप भुईया,ने बताया कि उनके खेतों में लगी धान की फसल को जंगली हाथियों के झुंड ने पैरों से रौंदकर बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि ÷हाथियों के रोजाना हमले से हम किसानों की आजीविका पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। वन विभाग की हड़ताल खत्म होने के बाद भी बारेसाढ़ रेंज में वनरक्षी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। इसके साथ ही जंगली भालुओं का भी आतंक बढ़ गया है। हाल ही में जंगल में काम कर रहे कामेश्वर लोहार पर एक जंगली भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, जंगली जानवरों का खतरा बढ़ता जा रहा है और वन विभाग इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वनपाल परमजीत तिवारी के अलावा बाकी सभी वनरक्षी अपने-अपने क्षेत्रों से गायब रहते हैं। लोगों ने रेंजर तरुण कुमार सिंह से मांग की है कि इस मामले की जांच की जाए और लापरवाह वनरक्षियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही कोई कदम नहीं उठाया गया तो उनकी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो जाएंगी और जानवर से जानमाल का खतरा भी बना रहेगा।

## ग्राम भीठा में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा जागृति क्लब भीठा के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। इस टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई उत्कृष्ट फुटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि अभिनव सिद्धार्थ भगत ने अपने प्रेरणादायक भाषण में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और खेल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, खेल केवल शारीरिक क्षमता को ही नहीं, बल्कि मानसिक शक्ति और अनुशासन को भी बढ़ावा देता है। फीफा के नियम को सीखे और जाने जिससे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सरकार के द्वारा चल रहे सिद्धों कान्हु क्लब को मिल रहे मानदेय के बारे में भी बतलाया।÷विशिष्ट अतिथि जिला परिषद रीना कुमारी ने सभी विजेता टीमों को बधाई दी। फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें भौरों फुटबॉल क्लब ने कड़ी टक्कर देते हुए टुंका टोली भीठा को पेनल्टी शूटआउट में हराया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। श्री भगत ने विजेताओं को पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की,साथ ही सभी खिलाड़ियों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का मंच मिलता है और युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम के अंत में, आयोजकों और समर्थकों का विशेष रूप से धन्यवाद किया गया। जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिरसू उरांव, लाल गौरीनाथ शाहदेव, गुलशन उरांव, अनिता लकड़ा, देवकुमार महतो, लाल नवीन किशोरनाथ शाहदेव, जैगा पाहन, चरवा पाहन, विरेंद्र यादव, प्रत्युष पांडेय, गौरव कुजूर, संदीप उरांव, संजय उरांव, महावीर उरांव, राजा लाल शाहदेव, मनोज, किशन आदि मौजूद थे।

**हेहेगाड़ा में फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन, 80 टीमों ने लिया था भाग**

# मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने किक मारकर किया मैच का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** जिले के हेहेगाड़ा गांव में 15 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 80 टीमों ने हिस्सा लिया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन लातेहार जिला मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने किक मारकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल हमारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं। फुटबॉल जैसे खेल न केवल शरीर को तंदुरुस्त रखते हैं बल्कि मानसिक शक्ति भी प्रदान करते हैं। उन्होंने युवाओं को खेलों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। टूर्नामेंट का आयोजन गांव के प्रमुख लोगों के सहयोग से किया गया। इसमें मुख्य रूप से कृष्णा यादव, पीतांबर यादव, जवाहर भुईया , सरजू भुईया, और लोकनाथ यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर पप्पू यादव ने किया। फुटबॉल संघ के अध्यक्ष प्रदीप कुमार और सदस्य सचिन चंदन कुमार, अनिल कुमार, अक्षय कुमार, मुकेश, नितेश, पंकज और मुन्ना ने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल से दर्शकों का दिल जीत लिया। विजेता टीम को विशेष ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता टीम को भी प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर खिलाड़ियों और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। सुभाष कुमार सिंह ने कहा इस तरह के आयोजन से गांव के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और उनका मानसिक व शारीरिक विकास होता है। फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन से गांव में खेल भावना और भाईचारे का संदेश मिलता है।

# आजसू पार्टी 18 सितंबर को डीवीसी कार्यालय का करेगी घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी ने क्षेत्र की बढ़ती जनसमस्याओं को ध्यान में रखते हुए 18 सितंबर 2024 को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के खिलाफ घेराव कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह कदम क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण किसानों के फसल की बर्बादी पानी छिड़काव की कमी, रोजगार मुवावजा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर उठाया गया है। जिससे जन ता लंबे समय से परेशान हैं।आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि डीवीसी, जो इस क्षेत्र के विकास और सुविधाओं की जिम्मेवारी संभालता है, अपनी जिम्मेवारियों को निभाने में असफल रहा है। पार्टी का मानना है कि डीवीसी की नीतियों और कामकाज में पारदर्शिता का अभाव है, जिसके कारण क्षेत्र की जनता को प्रदूषण से किसानों के फसल की बर्बादी पानी छिड़काव की कमी, रोजगार मुआवजा और अन्य आवश्यक सुविधाओं का अभाव झेलना पड़ रहा है।जिलाध्यक्ष ने कहा की हमारा यह विरोध सांकेतिक नहीं है, बल्कि यह जनता की आवाज है। अगर डीवीसी हमारी मांगों पर ध्यान नहीं देता, तो पार्टी और भी कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर होगी।घेराव कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम आजसू कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे, और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक डीवीसी जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाता।जनहित में आजसू पार्टी सभी नागरिकों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करती है।मौके पर छात्र संघ अध्यक्ष अभिजीत सोनू अंकित कुमार आसिफ अली रामरेखा प्रसाद संदीप कुमार छोटू खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# भाजपा के रायशुमारी कार्यक्रम मे खूब हुआ हंगामा, पार्टी विरोधी नारे भी लगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग के पैराडाइज होटल में रायशुमारी का आयोजन किया था। संगठन में अपना दायित्व निभाने वाले विशेष कार्यकर्ताओं को कहा गया था कि वे अपनी वरीयता के अनुसार 3 उम्मीदवारों के नाम दे सकते हैं। इसे गोपनीय रखा जायेगा। इन 3 नामों की स्क्रूटनी की जायेगी और जिसे सबसे अधिक मत मिलेंगे उसे उम्मीदवार बनाया जायेगा। प्रदेश स्तर के 2 वरिष्ठ नेता गीता कोड़ा और सुमित सिंह की उपस्थिति में मतदान की प्रक्रिया हुई। लेकिन मतदान की प्रक्रिया के बीच में ही कुछ कार्यकर्ताओं ने इस प्रक्रिया का विरोध किया। कार्यकर्ताओं का कहना था की वोटर लिस्ट के साथ छेड़छाड़ की गई है। अपने कार्यकर्ताओं का नाम रायशुमारी के लिए डाल दिया गया है ताकि व्यक्ति विशेष को सर्वाधिक मत मिल सके। वोटिंग स्थल पर ही जोरदार हंगामा हुआ। कई कार्यकर्ता भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह पर मतदान सूची में छेड़छाड़ करने का आरोप लगा रहे थे। वही इस मामले पर जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि जिन लोगों के नाम नहीं थे उन लोगों ने विरोध किया है। यह पार्टी का अंदरूनी मामला है कार्यकर्ताओं को समझाया गया है सभी वोटिंग पारदर्शी तरीके से हुई है। आपको बता दे कि हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 30 उम्मीदवारों ने अपने नाम की पेशकश की है अब देखना दिलचस्प होगा कि इस हंगामा के बीच हुए वोटिंग में किसका नाम निकलकर सामने आता है और हजारीबाग सदर विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार बनाती है।

## झारखंड उत्पाद सिपाही दौड़ प्रतियोगिता का निरीक्षण करने उपायुक्त पहुंची पदमा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर

- → उपायुक्त ने मेडिकल कैंप, दवाइयों की उपलब्धता,रुकने की व्यवस्था आदि का किया निरीक्षण
- → दौड़ में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को उपायुक्त ने शुभकामनाएं दी।



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड उत्पाद सिपाही दौड़ प्रतियोगिता का निरीक्षण करने उपायुक्त नैंसी सहाय हजारीबाग के पदमा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पहुंची। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बताया कि 9 सितंबर से 13 सितंबर तक चलने वाले इस दौड़ में प्रतिभागियों के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने आज ट्रेनिंग सेंटर के मेडिकल कैंप,रात्रि में रुकने की व्यवस्था, मेडिकल कैंप में दवाइयां की उपलब्धता, शौचालय आदि का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि पदमा में चल रही उत्पाद सिपाही दौड़ प्रतियोगिता संचालित किया जा रहा है तथा सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल हैं। मौके पर उन्होंने दौड़ में शामिल हो रहे सभी अभ्यथियों को शुभकामनाएं दी। वहीं पदमा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के कमांडेंट श्री मोहम्मद अर्शी ने बताया कि पदमा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित में प्रतिभागियों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की गई है। उनके रुकने के लिए टेंट का इंतजाम किया गया है। दौड़ के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मेडिकल कैंप अलर्ट है, प्रतिदिन लगभग 3000 प्रतिभागी इस दौड़ में शामिल हो रहे हैं। दौड़ तय समय अवधि जो 9ः00 बजे निर्धारित है पूर्ण कर ली जा रही है। उन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग के लिए आठ राउंड यानी 10 किलोमीटर की दौड़ और वही महिला वर्ग के लिए चार राउंड यानी 5 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया जा रहा है।

## दिगवार पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार शिविर का किया हुआ आयोजन



**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत दिगवार पंचायत भवन में बुधवार को सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अबुआ आवास योजना के 399 आवेदन,आधार कार्ड में संशोधन 11,बिजली बिल से संबंधित एक, राजस्व अभिलेखों से संशोधन 1,राशन कार्ड में संशोधन 19, वृद्धा पेंशन 16, सर्वजन पेंशन योजना 9, सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना 13, एवं अन्य 75 आवेदन पड़े। कुल 551 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 82 त्वरित निष्पादित किया गया 469 पेंडिंग और 0 रिजेक्ट किया गया। उपायुक्त नैंसी सहाय शिविर पहुंचकर जायजा ली एवं उन्होंने बच्चों के बीच पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकों का वितरण किया और महिला समिति दिगवार के बीच 22 लाख का चेक वितरण किया जो की चर्चा का विषय बना रहा .शिविर में उपायुक्त महोदया नैंसी सहाय सहित,दारू प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद,अंचल अधिकारी नवीन भूषण कुल्लू, दारू थाना प्रभारी सफीक खान, बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, उपाध्यक्ष कैलाशपति देव,ज़िला पार्षद गीता देवी,उप मुखिया महेन्द्र मुर्मू, बिजली विभाग कर्मी मिथिलेश कुमार, एवम् प्रखंड के कर्मचारी मौजूद थे। पर्यावरण विभाग से कोई अधिकारी मौजूद थे। इसी के साथ दिग्वार पंचायत भवन सरकार आपके द्वार का प्रखंड में समापन का गवाह बना.

## टाटीझरिया के पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान का होगा आयोजन

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के झरपो, भराज़ों, खैरा, डहरभंगा ,डूमर, धरमपुर, बेड़म ,टाटीझरिया पंचायत में सरकार के निर्देशानुसार 09 सितम्बर के आलोक में प्रखंड की बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ने आदेश दिया की 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जाना है। जिसमे प्रखंडकर्मियो संग पंचायतवार प्रतिनियुक्त कर्मियों में नोडल पदाधिकारी ,जन सेवक कनीय अभियंता, पेयजल एवम स्वक्षता ,जल सहिया जेएसएलपीएस,आंगनबाड़ी सेविका,पंचायत के स्वयं सेवक,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी , बिटीएम समेत अन्य कई कर्मियो को कार्यक्रम में सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाने को कहा है।

## शहीद महेंद्र प्रताप सिंह का मनाया गया 41वां शहादत दिवस



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ स्थित सातमाइल चौक में मंगलवार को शहीद महेंद्र प्रताप सिंह का 41वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी एवं संचालन प्रखंड सचिव संजय कुमार प्रजापति ने किया। कार्यक्रम के पश्चात झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल उपस्थित रहे। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से शहीद महेंद्र प्रताप सिंह की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर श्री पटेल ने कहा शहीद महेन्द प्रताप सिंह पार्टी के सच्चे समाज सेवक थे, वह जनहित में हमेशा कार्य करते थे, महाजनि प्रथा के खिलाफ भी उन्होंने आंदोलन किया उनकी शहादत हम सब के लिए प्रेरणा है।झारखंड की धरती को झामुमों के अनेकों कार्यकर्ताओं ने अपने लहू से सींचा है। इस कार्यक्रम में जिला बीस सूत्री सदस्य दिबीराम हेमराम, पूर्व जिला परिषद यशोदा देवी, प्रखंड कोषध्यक्ष राणा इकबाल खान, वरिष्ठ नेता शंकर महतो , कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद पटेल ,उपमुखिया अनुराग बर्मन,गंगाधर महतो, रामकिशोर महतो डीएम राज पटेल, कुलदीप महतो,अनंतलाल महतो,सुनील सिंह , पवन महतो, कपिल कुमार, फालेंद्र यादव समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बरही नगर भवन में एक दिवसीय सेमिनार सह वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही नगर भवन में वेक्टर इन्टर कालेज सह वेक्टर क्लासेस के द्वारा एक दिवसीय सेमिनार सह वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अथिति अपर पुलिस अधीक्षक सुरजीत कुमार, विशिष्ट अथिति बरही प्रमुख मनोज रजक, बीईओ किशोर कुमार, शिक्षाविद् डॉ सुनील कुमार, आईसीएआर निदेशक डॉ विशाल नाथ पांडे सहित निदेशक दीपक गुप्ता ने संयुक्त रुप में द्वीप प्रव्जलित कर किया। सभी अतिथि को बुके, मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक दीपक गुप्ता व संचालन दामोदर शर्मा ने किया। सेमीनार में वेक्टर इंटर कॉलेज, वेक्टर क्लासेस, डीएवी स्कूल, श्री दास इंटरनेशनल स्कूल, रॉयल ऑर्किड इंटरनेशन स्कूल, खोडाहर उच्च विद्यालय, भामाशाह विद्यालय, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बरही, झारखंड पब्लिक स्कूल, इंटर साइंस कॉलेज के छात्र भाग लेकर बारी बारी से साक्षर भारत पर अपनी अपनी बात रखी। सेमिनार के दौरान वेक्टर के छात्रों ने बीच बीच में मन मोहने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से डांस, गीत और नाट्य का कार्यक्रम पेश किया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रुप में शिक्षाविद् डॉ सुनील कुमार, आईसीएआर निदेशक डॉ विशाल नाथ पांडे साक्षर भारत पर विशेष रुप से अपनी बात रखें। प्रतियोगिता में जोरी की भूमिका के रुप वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण राणा एवम् हिमांशु बमबम, राजेश कुमार ने निभाई। मौके पर अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, बीएसए संरक्षक अब्दुल मानन वारसी, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, मनोहर यादव, शिक्षक राजेश कुमार, सुरेन्द्र मंडल, नरेश कुमार, मुखिया गोविंद साव, आर्यन गुप्ता छात्रों के माता पिता सहित प्रतिभागी स्कूल सभी शिक्षक मौजूद थे।

## आदिवासी मूलवासी करमा पर्व पर सांस्कृतिक मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आदिवासी मूलवासी करमा पर्व पर भव्य सांस्कृतिक मिलन समारोह का आयोजन सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड के फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य शोभा यात्रा के साथ हुई। इसके उपरांत झारखंडी नृत्य और झारखंडी गीत को झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने पेश किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में भाजपा नेता हर्ष अजमेरा सहित अन्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। इन गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। समारोह में अतिथियों का स्वागत पारंपरिक झारखंडी ढोल-नगाड़ों की गूंज और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ किया गया। इस दौरान झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत किया गया, जो उपस्थित जनसमुदाय के लिए अद्वितीय अनुभव रहा। वही आयोजक मंडली के द्वारा हर्ष अजमेरा को फूलों का गुलदस्ता एवं झारखंडी अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। इसके बाद स्थानीय कलाकारों ने अपनी अनेकों प्रस्तुति से लोगों को मनमोहित किया। कार्यक्रम की मंच संचालन कृष्णा भोगता के द्वारा किया गया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने झारखंड की प्रसिद्ध करमा गीत पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया। इस सांस्कृतिक प्रदर्शन ने कार्यक्रम में और भी जीवंतता भर दी। हर्ष अजमेरा ने स्थानीय कलाकारों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए करमा नृत्य किया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस अद्वितीय प्रस्तुति का स्वागत किया। करमा नृत्य ने सभी को झारखंडी परंपरा से गहरे से जोड़ा और समारोह में विशेष आकर्षण का केंद्र बना। समारोह में उपस्थित लोग पारंपरिक झारखंडी वेशभूषा में नजर आए, जो झारखंड की सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक था।मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मंगल उरांव,संरक्षक सह पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोगता, पूर्व जिला परिषद सदस्य विजय सिंह भोगता,सचिव लाखन सिंह भोक्ता, कोसा अध्यक्ष बिरसा उरांव, संदीप मुण्डा,लाखो उरीव,दीपक उरीवअजय लिंडा, बिरसा मुण्डा,विरेन्द्र भोगता अजय टोपो, अर्जुन मुण्डा मोतीलाल टुट्टी, दिलीप कुजूर,रूपू राम,संजय लिंडा, मरियम कुजुर,डाजल कुमारी ,बालेखर सिंह भोगता, मनीष मुण्णा,प्रदीप बेदिया सुख राम गुण्डा,मंगल सिंह मुण्डा सहित कई लोग मौजूद रहें।

## पूर्व विधायक सह झामुमो वरिष्ठ नेता जानकी प्रसाद यादव ने किया क्षेत्र का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के झरपो भराजो खैरा पंचायत और पूनाई पंचायत के टटगांव गांव में पूर्व विधायक सह झामुमो वरिष्ठ नेता जानकी प्रसाद यादव ने अपने समर्थकों संग आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र के आम जनता से जनसंपर्क किया और क्षेत्र के जनता की समस्याओं में झरपो से गाड़ी सड़म तक की जर्जर सड़क की मरम्मती ,जरगा झरपो में खराब सड़क की मरम्मती और क्षति ग्रस्त पुलिया की निर्माण कार्य करवाए जाने से रुबरु हुए । उन्होंने कहा की आप सभी जनता मुझे आशीर्वाद दे ताकि मैं क्षेत्र की विकास की अधूरा कार्य को पूर्ण कर सके। मौके पर इब्राहिम अंसारी, जितेंद्र पासवान,हरी प्रसाद, धानेश्वर पासवान, राजेश कुमार, अजीत कुमार, अशोक कुमार, संजय कुमार, रवि यादव, केदार गौरव, जमुना सिंह, रोहित माली, बिनोद माली, कमल महतो, संदीप पाण्डेय समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## जिला स्कूल मैदान में खेलों झारखंड में बालक वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

- बलाक वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों में उत्साह : प्रवीण रंजन
- जिले के लगभग 600 सौ बलाक वर्ग के खिलाड़ी लिया भाग
- अंडर 14मे विजेता पदमा उपविजेता टाटीझरिया और अंडर 17 में फाइनल डांडी बनाम बरगठा अंडर 19मे कटकमसाडी बनाम डांडी खेलेंगे फाइनल मुकाबले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला स्कूल मैदान में जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में खो-खो प्रतियोगिता बालक वर्ग में अंडर 14 वी अंडर 17 वी अंडर 19 वीं का खेल आयोजन किया गया। खो-खो प्रतियोगिता में बुधवार सुबह आठ बजे से खेल का शुभारंभ किया गया। खेलों झारखंड प्रतियोगिता बालक वर्ग में खो-खो खेल प्रतियोगिता में अंडर 14 फाइनल में टाटीझरिया बनाम पदमा के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबले में पदमा कि टीम विजेता बना।अंडर 17 में डांडी बनाम बरगठ्ठा के बीच फाइनल मुकाबले जारी था,अंडर 19 में फाइनल डांडी बनाम कटकमसाडी टीम के बीच खेल खेला जा रहा है । खेलो झारखंड प्रतियोगिता एवं चयन प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए जिले के छः सदस्य शिक्षकों में शारीरिक शिक्षक मधूसूदन कुमार सिंह, सरोज मालाकार, सुनिल यादव, अश्विनी श्रीवास्तव, अनुप मेहता, पवन कुमार को को प्रतिनियुक्ति किया गया है। जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के खो-खो प्रतियोगिता को सफल बनाने में डी ओ प्रवीण रंजन,डी एस सी, आकाश कुमार, ए डी पी ओ सुनिला लकड़ा,ए पी ओ, संजय तिवारी, अजय नारायण दास, लेखा पदाधिकारी रवि कुमार,विकास कुमार, प्रवीण पाण्डेय, कौलेशर कुमार, रामचंद्र राम, प्रमोद कुमार मेहता, राजेश कुमार सिंह,बागीश पांडे सी आर पी, परविंद कुमार सिंह, ओम प्रकाश कुमार, श्रीकांत कुमार, कुलदीप कुमार, संतोष कुमार गौतम, दीपक कुमार मेहता,अनुरूद राणा, सोनू कुमार, भोला साव, ओमप्रकाश कुमार,भीम गोस्वामी, उमेश दास, राजन गुरूंग, राहुल कुमार, कुंवर प्रसाद, संजू कुमारी, प्रिया कुमारी, अभिनव, गुप्ता प्रमोद दास, विशाल यादव, त्रिवेणी कुमार, मनसूर आलम, गोपाल राम, हरिकांत कुमार, सुरेन्द्र कुमार, मृत्युंजय वैष्णव, ने अहम भूमिका निभाया।

## मुखिया के द्वारा सिरमा पंचायत के आम जनता के लिए फ्री वाई फाई की उपलब्ध कराई गई सुविधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत सिरमा पंचायत में मुखिया इसमत आरा के द्वारा अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए पूरे पंचायत मे फ्री वाई फाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई। मुखिया ने अपने निजी खर्च से फ्री वाई फाई की सुविधा पंचायत के जनता के लिए उपलब्ध कराई। मौके पर मुखिया इस्मत आरा ने कहा के आज से पूरे पंचायत मे आप कहीं भी जाइए वाई फाई नेटवर्क का लाभ फ्री में मिलेगा। पूरे पंचायत मे 8 स्थान पर वाई फाई लगाया गया है। पंचायत के चोरका क्लब, पंडरीया मंदिर, पंडरीया हाफिज सहाब के घर के पास, पंडरीयां खुर्शीद जी के घर के पास, पीपर टोला प्रो0 फजल उद्दीन के घर के पास, सिरमा मदरसा, चतरी जाकिर के घर के पास, छावनीयां में अजहर के घर के पास वाई फाई का मॉडम लगाया गया है। उन्होंने आगे बताया के इस कार्य के लिए कोई सरकारी फंड का उपयोग नहीं किया गया है बल्कि अपने निजी खर्च से अपने जनता के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वाई फाई का पासवर्ड MUKHIYA SIRMA है। आगे उन्होंने कहा के वादा करके आए है वादा निभा कर रहेंगे, जो कह दिया हमने वो कर के दिखाएगें। बाकी बचे सारे चुनावी वादे को बहुत जल्दी पूरा कर लिया जाएगा।

## बड़कागांव टीपी 5 में ट्रैक्टर पलटने से चालक की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हज़ारीबाग रोड के टीपी 5 के समीप टैक्टर के पलटने से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गयी है। मृतक की पहचान डाड़ी कलां पंचायत के कनकी डाड़ी जलेशर महतो के 25 वर्षीय पुत्र संजय कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची एवं गंभीर रूप से घायल संजय कुमार को इलाज हेतु हजारीबाग ले जाया जा रहा था परंतु रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार संजय कुमार स्टोन डस्ट लेकर अपने गांव कनकी डाड़ी आ रहे थे ट्रैक्टर के ब्रेक फैल होने के कारण एक मोड़ के पास अनियंत्रित होकर वाहन पलट गया। जिससे चालक ट्रैक्टर से दूर जा गिरा इस वजह से उसे सर पर गंभीर चोट आई। इलाज के लिए हजारीबाग ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इधर सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई।

## मृतक अंजनी कुमार के परिजनों को मिला मुआवजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** डी सी डी पी मेला के शुभ अवसर पर रामगढ़ पूर्वी अनुमण्डल रामगढ़ अन्तर्गत चरही उप डाकघर में डाक विभाग के द्वारा डाक पॉलोसी के तहत मांडू निवासी मृतक अंजनी कुमार के परिजन मनोरमा गुप्ता पिता भोला गुप्ता को डाक निरीक्षक आशीष कुमार पाण्डेय के द्वारा 769787/ (सात लाख उनहत्तर हजार सात सौ सतासी) रुपया का चेक दिया गया। सुखदेव महतो ने कहा कि डाकघर बचत योजना क्या है जैसा कि नाम से पता चलता है, डाकघर बचत योजना में बचत उपकरण शामिल हैं, जो निवेश पर कई विश्वसनीय और जोखिम-मुक्त रिटर्न प्रदान करते हैं। भारत में, आप कई तरीकों से डाकघर में बचत खाता खोल सकते हैं। ये सावधि या आवर्ती जमा पॉलिसी और आकर्षक निश्चित ब्याज दरें प्रदान करते हैं। यह निवेशकों के लिए समय-समय पर अपनी जमा राशि पर सुरक्षित रूप से एक निश्चित ब्याज अर्जित करने के लिए एक लाभकारी योजना है। यह बैंक या हक्क्स्नष्ट खाते के समान है, लेकिन इसे अधिक सुरक्षित माना जाता है क्योंकि यह सीधे केंद्र सरकार के अधीन होता है। इसके अलावा, डाकघर की पहुंच अधिक है, दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों के कारण भारतीय समाज के सबसे हाशिए पर रहने वाले वर्गों तक भी अधिक पहुंच है।डाकघर बचत योजनाओं के प्रकार भारत में निवेशकों के लिए जमा और डाकघर बचत योजनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। इनमें से कुछ में डाकघर बचत खाता, सार्वजनिक भविष्य निधि, किसान विकास पत्र और सुकन्या समृद्धि खाता शामिल हैं।डाक विभाग भारत सरकार की एक अभिन्न अंग है। हमारा डाकधर देश के हर कोने में सेवा दे रहा है। डाक विभाग के उपर भारत के हर नागरिको का विश्वास जग चुका है। मृतक अंजनी कुमार अपने पॉलोसी में 1,47,000 /- रुपया जमा किये थे। जिनका भुगतान दिया गया मौके पर भोला प्रसाद गुप्ता सुखदेव महतो उप डाकपाल नन्दलाल कुमार , एके0 वर्मा, अविनाश कुमार , आलोक कुमार ,महेन्द्र राम, आदि मौजूद थे।

## बरही में भाजपा प्रत्याशी चुनने के लिए हुवे रायशुमारी उमड़ा भाजपा कार्यकर्ताओं का भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर बरही विधानसभा से भाजपा ने संभावित प्रत्याशियों के नाम को लेकर बुधवार होटल एके पैलेस में रायशुमारी कराई गई। मौके पर प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा प्रभारी के रूप में सिमरिया विधायक किसुन दास व प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम सिन्हा की प्रतिनिनियुक्ति की गई थी। प्रभारी ने बताया कि सील बंद बक्से में हर सदस्य को तीन तीन नाम या एक नाम का लिखकर बंद बक्सा में डालना है। बंद बक्से को राँची स्थित पार्टी कार्यालय में जमा किया जाएगा। चौपारण, बरही, पदमा, चंदवारा मंडल के अध्यक्ष, मंडल कार्यसमिति, मंडल के पूर्व अध्यक्ष व महामंत्री, विधानसभा के क्षेत्र के दायरे में आने वाले जिला अध्यक्ष, जिला कमेटी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, कार्यसमिति सदस्यों का मंतव्य वोटिंग के माध्यम से उम्मीदवारी पर राय ली गई। मौके पर प्रभारी किसुन दास ने कहा कि भाजपा का अगला अध्यक्ष कौन होगा किसी को नही पता, झारखण्ड का सीएम कौन होगा किसी को नही पता। लेकिन कांग्रेस, जेएमएम, आरजेडी जैसे क्षेत्रीय पार्टियों में अध्यक्ष व सीएम चेहरा जन्मजात से तय होता है। भाजपा व्यक्तिगत पार्टी नही बल्कि भाजपा संगठन से चलता है। भाजपा अपना उम्मीदवार किसे बनाये इसके लिए कार्यकर्ताओं से राय ली जाती है। वहीं प्रभारी प्रीतम सिन्हा ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतने वाली है। इसके लिए भाजपा मजबूत उम्मीदवार देने के लिए रायसुमारी ले रही है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ अपना मत दिया।

## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास महिला कार्य की बैठक आयोजित

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास , महिला कार्य, की बैठक ऑनलाइन माध्यम से प्रो. डॉ. सविता सेंगर, कुलपति, झारखंड राय विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में और डॉक्टर शारदा प्रसाद के संयोजन में आहूत की गयी। कार्यक्रम मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में आ. शोभा पैठणकर जी, राष्ट्रीय संयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास उपस्थित थीं। कार्यक्रम का आरंभ ओंकार ध्वनि के साथ आरंभ हुआ । डॉ. शारदा प्रसाद, प्रांतीय संयोजक, महिला कार्य, ने विषय प्रवर्तन, अतिथियों का परिचय एवं स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । महारानी अहिल्याबाई 15वीं शताब्दी में भी क्रांतिकारिणी महिला थीः तथा आधुनिक भवबोध से भरी हुई थीं। अपने पति की आय का चौथा हिस्सा जो जागीर के रूप में मिला था, उससे उन्होंने समाज सेवा का कार्य किया । उन्होंने स्त्रियों के शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए उस काल में भी क्रांतिकारी कदम उठाए जो आधुनिक काल में भी प्रासंगिक है और इसके प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। आज हर स्त्री के लिए अहिल्याबाई होलकर प्रेरणा स्रोत है।



## अरगड्डा रेलवे स्टेशन में रेल से कटकर मज़दूर की मौत



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा रेलवे स्टेशन के पास रेल से कटकर एक मज़दूर की मौत हो गयी। जिसका शिनाख्त नही हो पाया। बताया जाता है कि अरगड्डा रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की सुबह पोल संख्या 97/30 और पोल संख्या 97/31 के बीच रेलवे ट्रैक के पास एक मज़दूर का पैर कटा हुआ शव नजर आया। जिसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही आर पी एफ के अधिकारी व पुलिस कर्मी घटनास्थल पहुँचकर घटना के सम्बंध में जानकारी ली। आस पास के लोगों से मृत मज़दूर के सम्बंध में पूछताछ की। पूछताछ के बाद भी शव का शिनाख्त नहीं हो पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## रामगढ़ जिला में आयोजित करम परब महोत्सव के मुख्य अतिथि होंगे जयराम महतो : रमेश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की 12 सितंबर 2024 को पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो का रामगढ़ जिला में तीन जगहों पर कार्यक्रम निर्धारित की गई है। जिसमें से पहला कार्यक्रम किसान हाई स्कूल डभातु , गोला में करम परब महोत्सव ,समय सुबह 10ः00 बजे। के.बी हाई स्कूल लारी, चितरपुर में करम परब महोत्सव समय 12ः00 बजे, तथा दुलमी बाजार टांड दुलमी में करम परब महोत्सव ,समय 3ः00 बजे। करम परब महोत्सव के मुख्य अतिथि टाइगर जयराम महतो होंगे। इस कार्यक्रम को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के द्वारा सफल आयोजन हेतु कमेटी निर्धारित की गई है । इस कार्यक्रम को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी महोदय को भी सूचनार्थ कर दी गई है ।



## झारखंड आंदोलनकारी के द्वारा संपूर्ण झारखंड बंद का किया गया आवाहन




**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने आज झारखंड सरकार के उदासीन रवैया के विरोध में बंद का अहवान किया है। बंद को सफल बनाने के लिए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के नेता और कार्यकर्ता सुबह 8ः00 बजे के लगभग मदकमा चौक पहुंच कर रामगढ़ पतरातु रांची मुख्य मार्ग को बंद समर्थकों ने आवागमन को ठप कर दिया। जिसके कारण यातायात व्यवस्था लगभग तीन से चार घंटे के लिए जाम की स्थिति में रही। झारखंड बंद का जिला के कुछ क्षेत्रों में अंशिक असर देखा गया।

## मुंडा पहान सम्मान सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा चौक फॉर लाइन पैकी मे बुधवार को मुंडा पहान सम्मान सह मिलन समारोह आयोजन किया गया । जो रामगढ़ जिला के सभी छ प्रखंड से चलकर पहुचे थे गोला प्रखंड, चित्ररपुर,प्रखंड, दुलमी प्रखंड, रामगढ़ प्रखंड,, मांडू प्रखंड से, पतरातू प्रखंड से पहुचे थे पहान और पहनायन उनके साथ गांव के ग्रामीण माता बहन समाज सेवी एवं बुद्धि जीव भी साथ में आये थे इस कार्यक्रम के मंच मे अतिथि के रूप मे भारत मुंडा समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश मुंडा, पूर्व मुखिया, दिनेश मुंडा, सुनील मुंडा,जिला परिषद झरी मुंडा, रामर्तन मुंडा, संजय मुंडा, बिजय मुंडा, महिर्चद मुंडा, राजेश मुंडा, चुरामन मुंडा,, मनोज मुंडा, अशोक मुंडा, सूरज मुंडा, एवं जिला से आई हुऐ सभी प्रखंडो से माता बहन समाज सेवी एवं सभी मुंडा सम्मेलन के सभी आयोजन समिति मौजूद थे।

# रामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी देने की कार्यकर्ताओं ने उठाई मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार बुधवार को साहू धर्मशाला रामगढ़ में ,विधानसभा स्तरीय रायसुमारी बैठक आयोजित की गई इसमें मुख्य संचालन कर्ता के रूप में विजय जायसवाल एवं अध्यक्षता रंजन सिंह उर्फ छोटन सिंह जी ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बृजमोहन राम पूर्व सांसद पलामू, ओम प्रकाश केशरी, लक्ष्मण नायक प्रदेश कार्य समिति सदस्य , जिला उपाध्यक्ष रंजन सिंह,जिला मंत्री विजय जायसवाल, केंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव,पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, महिला नेत्री ईलारानी पाठक मंच पर आसीन थी। अनुसूचित मोर्चा प्रदेश मंत्रीजिल बिनोद राम,मंत्री दिलीप सिंह, अनमोल सिंह, भीम सेन चौहान, राजीव रंजन प्रवीण सोनू ,धीरज साहू, मनि संकर ठाकुर, तरुण साव, वरुण सिंह राजेश ठाकुर, सहित पदाधिकारीयों ने सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रगान कर सभा की शुरुआत की, इस बैठक में अतिथियों ने सभी कार्यकर्ताओं से तीन नाम रामगढ़ जिला से भाजपा प्रत्याशी के रूप में देने की मांग की और एक-एक करके सभी कार्यकर्ताओं को पर्ची देकर प्रदेश के आए दो पेटियों में डाला गया,इस वोटिंग में पूर्व सांसद पूर्व विधायक जिला पदाधिकारी एवं जिला कार्य समिति सदस्य निवर्तमान जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य मंडल मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक एवं प्रभारी अब तक के सभी पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्य समिति प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य प्रदेश प्रकोष्ठ विभाग के संयोजक एवं सहसंयोजक इसमें उपरोक्त सभी सदस्य ने वोटों किए । झारखंड प्रदेश के प्रभारी केंद्रीय कृषि मंत्री, शिवराज सिंह चौहान , आसाम के मुख्य मंत्री हिमांता विश्वा शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महा मंत्री के समक्ष उनको खोला जाएगा और झारखंड प्रदेश तय करेगा कि किसका नाम प्रत्याशी के रूप में आएगा यह कहना बड़ा मुश्किल है।

## भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मण्डल के सभी बुथ समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मण्डल के सभी बुथ समिति की बैठक वहां के बुथ अध्यक्ष के अध्यक्षता में 8 ,9 और 10 सितम्बर को सम्पन्न किया गया। बुथ समिति के बैठक में नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव उपस्थित हो कर बुथ समिति, पन्ना प्रमुख, मतदाता सूची,मन की बात कार्यक्रम एवं सदस्यता अभियान को लेकर जानकारी ली। बैठक में उपस्थित सदस्यों से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया और कहा सभी बुथ अध्यक्ष अपने समिति के सदस्यों को लेकर घर घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करे। जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है उनका नाम वोटर लिस्ट पर चढ़ाने की प्रक्रिया को पूर्ण करने में सहयोग करेंगे । बैठक को सफल बनाने में मुख्य रूप से नगर प्रभारी खुशी लाल महतो, नगर उपाध्यक्ष संतोष कुमार साह, सुशांत पांडे, विनोद गोप, संजय श्रीवास्तव,नगर महामंत्री ऋषिकेश सिंह, अभिषेक चौधरी अजीत गुप्ता, मिथिलेश कुमार मण्डल, विजय पाठक, सत्यजीत सिंह, ब्रजेश पाठक सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का का महत्पूर्ण योगदान रहा।

## डाक चौपाल का उद्देश्य सरकारी सुविधाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में लागू करना है : इंस्पेक्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** भारतीय डाक विभाग की ओर से रामगढ़ प्रखण्ड के कुंदरूकला पंचायत में बुधवार को डाक चौपाल लगाया गया. मुख्य अतिथि रामगढ़ पूर्वी के इंस्पेक्टर आशीष पांडेय, विशिष्ट अतिथि डाक डाक अधिदर्शक रामगढ़ पूर्वी अनुमंडल सर्वेश कुमार, ग्रामीण डाक सेवक के जिला सचिक शैलेन्द्र सिंह, बीस सूत्री सदस्य हीरालाल महतो मौजूद थे। इंस्पेक्टर श्री पांडेय ने बताया कि डाक चौपाल का उद्देश्य सरकारी सुविधाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में लागू करना है। भारतीय डाक आपके द्वार कार्यक्रम से आम लोगो को डाक विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा हैं।इधर, मरार में भी डाक चौपाल का आयोजन किया गया। मौके पर सीता राम केशरी, सावन मांझी, प्रकाश कुमार, संजय कुमार, पंकज कुमार, सुनील कुमार, हरिदास महतो, रोहित कुमार, ज्योति प्रसाद, विकास कुमार मुंडा, बलराम कुमार, सीमा कुमारी, मानसी भट्टाचार्जी, विशेश्वर पासवान आदि थे।

**हर समस्या का ऑन द स्पॉट होगा समाधान :-** बता दें कि जिले के सभी प्रखंड में एक-एक दिन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जहां ऑन द स्पॉट सभी मामलों का समाधान किया जाएगा। इस चौपाल के माध्यम से सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी जाएगी। ताकि, डाक विभाग के द्वारा दी जा रही सभी सुविधा के बारे में आम जन को पता लग सके। इस चौपाल में स्थानीय स्तर के सभी जन प्रतिनिधि समेत अन्य लोग शामिल रहेंगे। इस दौरान किसी भी समस्या के समाधान के साथ नई तकनीकि के बारे में जानकारी दी जाएगी।

*भुरकुंडा थाना में ऑटो मालवाहक मालिको और चालको से साथ बैठक, ओपी प्रभारी ने कहा*

# सड़क पर जाम लगाने वाले वाहनों का कटेगा चालान : निर्भय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा थाना परिसर में बुधवार को थाना प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता ने टैक्सी मेंस यूनियन भुरकुंडा, ऑटो, पैसेंजर और मालवाहक वाहनों के मालिको और चालको के साथ बैठक की। इस दौरान ओपी निर्भय कुमार गुप्ता ने कड़े शब्दों में कहा कि आये दिन सड़क जाम की खबर सामने आती है। जाम के कारण बाजार में खरीददारी करने वाले लोग और एम्बुलेंस सहित छोटे बड़े वाहनों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि जो भी ऑटो, बाइक, कार और मालवाहक वाहन सड़क पर खड़ा मिलेगा। उसका चालान काटा जायेगा। अगर इससे भी सुधार नही हुआ तो वाहन मालिकों पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा। पुलिस बाजार में जगह चिन्हित कर यात्रियों की सुविधा के लिए ऑटो खड़ा करने की जगह तय करेगी। ऑटो चालक चिन्हित जगह पर गाड़ी खड़ा कर यात्रियों को बैठने के बाद जगह को दूसरे ऑटो के लिए तुरंत खाली कर देंगे। इससे बीच सड़क में ऑटो खड़ा कर यात्री बैठने के कारण जाम की स्थिति से निजात मिलेगी। साथ ही फुटपाथ पर छोटे वाहन चालक अपनी गाड़ी को खड़ा करे। सड़क पर वाहन खड़ा करने पर चालान कटेगी। मौके पर भुरकुंडा ओपी के एसआई अविनाश कुमार, कुणाल कुमार, टैक्सी मेन्स यूनियन चमन लाल, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, लखन राम, संजय राम, सुरेन्द्र राम, इम्तियाज अहमद, संतोष राम, टिंकु करमाली, महेन्द्र यादव, रघु राउत, विक्रम करमाली, गोपाल झा, अजय यादव, सुनील राम, नीरज पासवान, विक्की राम, अशोक गिरि, अजय विश्वकर्मा, धनेश्वर राम, लक्खी राणा सहित अन्य शामिल थे।

# चौथे दीन उत्तम शौच धर्म का पूजा किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ स्तिथ श्री दिगम्बर जैन मंदिर एवेम रांची रोड स्तिथ श्री पारसनाथ जिनालय मे दसलक्षण पर्व के चौथे दीन उत्तम शौच धर्म का पूजा किया गया जलाभिषेक रामगढ़ महावीर प्रसाद छाबड़ा,नरेंद्र छाबड़ा, महावीर प्रसाद गंगवाल ,विकाश गंगवाल,अशोक काला, अमित काला,कमल पाटनी, ओमप्रकाश पाटनी चिनाई वाले, रांची रोड नागरमल गंगवाल, बीरेंद्र गंगवाल शांतिधारा रामगढ़ हरकचंद अजमेरा, विवेक अजमेरा,विकाश अजमेरा अमराव देवी गंगवाल, देवेंद्र गंगवाल , रांची रोड अमराव देवी पाटनी , निर्वाण लड्डू चढ़ने का सौभाग्य अरूणा जैन , डॉ शरद जैन परिवार को मिला । पंडित रमेश जैन शास्त्री राजेश जैन , पंकज जैन ने बताया उत्तम शौच धर्म, शौच का अर्थ शुचिभूत होना अर्थात् काल से आत्मा सप्तधातु मय शरीर के संसर्ग से अपवित्र कहलाता है। इस अपवित्र शरीर से भिन्न जो शुद्धात्मा का ध्यान करके उसी में रत रहता है तथा जो मैं सदा शुद्ध बुद्ध हूँ, निर्मल हूँ, स्फटिक के समान हूँ, मेरी आत्मा अनादि काल से शुद्ध है इस तरह हमेशा अपने अंदर ही ध्यान करता है वह शुचित्व है। आत्मा का स्वरूप ही शौच धर्म है। इसीलिए ज्ञानी महामुनि इसी का ध्यान करते हैं।मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन एवम मंदिर मंत्री देवेन्द्र गंगवाल ने कहा कल उत्तम सत्य धर्म का पूजा किया जाएगा ।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम काफी सफल साबित हो रहा है : रामविनय महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम ÷आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार÷ कार्यक्रम बेटुलकलाँ पंचायत में आयोजित की गई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष रामविनय महतो शामिल होकर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बताया एवं अबुआ आवास समेत झारखंड सरकार की अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पंचायत क्षेत्र की जनता को संबोधित किया। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं योजनाओं का लाभ कार्यक्रम के माध्यम से योग्य लाभुकों को सुलभ तरीके से मिल रहा है। मईया समान योजना, सर्वजन पेंशन योजना के लाभार्थी माता एवं बहनें झारखंड सरकार को बधाई एवं जोहार कह रहे हैं। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया जाकिर अख्तर पंचायत समिति सदस्य एवं सभी वार्ड सदस्य योग्य लाभुकों को सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य, अंचल अधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, पंचायत के जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बन्द का रहा आंशिक असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** झारखंड आंदोलनकारियों के द्वारा एक दिवसीय झारखंड बंद को सफल बनाने के लिए गोला और दुलमी प्रखंड के झारखंड आंदोलनकारी सड़क पर उतरे। झारखंड आंदोलनकारियों ने अपने पहचान, सम्मान, पेंशन में बढ़ोतरी, आश्रितों को नौकरी और पेंशन जैसी माँगों को लेकर आहूत झारखंड बंद पुरी तरह से सफल रहा। सफल बंदी को लेकर सभी मोटर वाहन मालिक, दुकानदार भाईयों किसानों को झारखंड बंदी सफल बनाने में सहयोग करने के लिए आन्दोलनकारियों ने आभार व्यक्त किया। इस बंद में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष कार्तिक महथा, गोला प्रखंड अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती, जिला उपाध्यक्ष जटाधारी साहु, सचिव रामचन्द्र प्रसाद, नेपाल मुखर्जी, वाहीद मियां, आदित्य महतो, छटू गंझू, मनोज महतो, मनोरंजन महतो नागेश्वर करमाली, रामचंद्र वर्मा, दिनेश हेंब्रम, यासीन अंसारी, फारूक अंसारी, इस्माइल अंसारी, हरिहर महतो, वासुदेव मुखर्जी, महेंद्र महतो, दुर्गा प्रसाद महतो, भोला गंझू, महेश्वर महतो, खेदन मुंडा, ठाकुरदास महतो पोखलाल बेदिया, तीर्थनाथ महतो, श्याम सुंदर महतो, भागीरथ नायक, प्रदीप महतो, प्यारी मुंडा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में एनसीसी 2024 नए बैच के चयन प्रक्रिया का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बुधवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ में 22 बटालियन, हजारीबाग के सहयोग से एनसीसी 2024 नए बैच के चयन प्रक्रिया का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में राधा गोविंद विश्वविद्यालय और छोटा नागपुर कॉलेज, रामगढ़ के कुल 250 छात्रों ने भाग लिया।पूरे नामांकन प्रक्रिया की देखरेख सुभेदार मेजर जगदीश चंद द्वारा की गई, जिसमें सुभेदार उदय प्रताप, एनबी/सुभेदार सुरेंद्र चंदल, हवलदार संजीव कुमार, हवलदार दानेश कुमार और नायक अनिल कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इनकी संयुक्त मेहनत से नामांकन प्रक्रिया अनुशासनपूर्वक संपन्न हुई।समापन समारोह में सुभेदार मेजर जगदीश चंद ने सभी छात्रों को प्रेरित किया और परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को बधाई दी। विश्वविद्यालय के सचिव महोदया प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) समरेंद्र नाथ साहा, प्रति कुलपति प्रो ( डॉ )रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो( डॉ )अशोक कुमार और प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने चयनित छात्रों की हार्दिक बधाई दी।कार्यक्रम की सफलता में एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. अमन वर्मा और सहयोगी धनेश्वर बीपी, प्रदीप कुमार रजक, शुभांकर दास और राजू साव का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम में जनता की भागीदारी सरकारी योजनाओं पर सीधा संवाद : सुधीर मंगलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के उसरा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, नोडल पदाधिकारी विजेन्द्र कुमार अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ मदन महली, मुखिया संजू चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने राज्य सरकार के इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की, जिसका उद्देश्य आम जनता को पंचायत स्तर पर योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीण जनता से अपील की कि वे इस कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाएं और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करें। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहाँ कर्मियों ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बाल विकास परियोजना द्वारा गोंद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, और लाभुकों को अबूआ आवास, मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, सावित्री किशोरी स्मृति योजना, और अन्य सामाजिक योजनाओं के लिए फार्म भी वितरित व स्वीकृति दी गई।मौके पर उपप्रमुख धर्मधीर महतो गंगा चौधरी बीस सूत्री सदस्य प्रकाश करमाली शैलेश चौधरी बबिता देवी राकेश कुमार कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार शेख बहादुर प्रमानद सिंह आत्म से अफताब अंसारी पशु चिकित्सा निना कुमारी एवं स्वास्थ्य विभाग व एनएम कर्मिय मौजूद थे ।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बंद का रहा मिला जुला असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने बुधवार को झारखंड सरकार के उदासीन रवैया के विरोध में बंद का अहवान किया है। बंद को सफल बनाने के लिए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के नेता और कार्यकर्ता सुबह 8ः00 बजे के लगभग शहर के सुभाष चौक पहुंच गए। बंद समर्थकों ने शहर के सुभाष चौक पर आवागमन को ठप कर दिया। जिसके कारण यातायात व्यवस्था लगभग 2 घंटे के लिए जाम की स्थिति में रही। झारखंड बंद का जिला के कुछ क्षेत्रों में असर देखा जा रहा है। हालांकि बंद का शहरी क्षेत्र में कोई खास असर नहीं दिख रहा है। रामगढ़ थाना पुलिस सुभाष चौक पर पहुंचकर सड़क जाम किये आंदोलनकारियों से वार्ता कर जाम समाप्त करवाया। वहीं आंदोलनकारी का कहना है कि सरकार आन्दोलनकारी के साथ सिर्फ छलावा की गई है। जिसके कारण अब हमलोगों की उम्मीद पुरी तरह से टूट चुकी है। अभी चुनाव आ रही है तो सरकार ने जगह-जगह लोक लुभावन योजना दे रही है। परंतु आंदोलनकारी की सुध नहीं ले रही है। जिसको लेकर आंदोलनकारी सड़क पर उतरने पर मजबूर है।

## उपायुक्त ने करमा पूजा, मिलाद उल नबी और विश्वकर्मा पूजा को लेकर की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में करमा पूजा, मिलाद उल नबी और विश्वकर्मा पूजा को लेकर आज बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिला एवं प्रखण्ड स्तर शांति स्थापित करने में शांति समिति के सदस्यों की अहम भूमिका रही है। शांति समिति के सदस्यों ने जिला में स्थापित शांति के प्रति जिला प्रशासन को आश्वस्त किया है कि जिला में तनाव की परछाई भी नहीं है। शांति समिति के सदस्यों ने समाज के बीच अपने प्रभाव को समझा और कर्तव्यों का निर्वहन कर गांव-गांव और पूरे जिला में शांति स्थापित की। आनेवाले समय में भी इसी तरह के सक्रियता की आवश्यकता है ताकि त्यौहारों में शांति स्थापित रहे। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि आप शांति स्थापित रखने में किसी प्रकार की बाधा आने पर अवश्य सूचित करें, वरीय पदाधिकारियों की ओर मदद अवश्य मिलेगी। आनेवाले त्यौहारों को भी सभी सामुदाय के लोग मिलजुल कर ही मनायें और जिला में प्रेम और सौहार्द्र की मिसाल कायम करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने कहा कि शांति समिति के सदस्य अपने समाज के प्रतिनिधि व अगुआ हैं। उनकी बातों का प्रभाव समाज में होता है। वे समाज में लोगों को पर्व-त्यौहारों में अनुशासित रहने के लिए कहें। प्रशासन असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी और कार्रवाई भी करेगी। त्यौहार हमें मिलजुल कर मनाना चाहिए। समाज में अशांति उत्पन्न करने की आजादी किसी को नहीं होगी। जिला में शांति व्यवस्था रखने में शांति समिति के सदस्यों बहुत बेहतरीन भूमिका निभायी है। उम्मीद है कि इसी तरह जिला प्रशासन को साथ मिलता रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम प्रारंभ हुआ है। इसमें लोग किसी भी प्रकार की समस्याएं रख सकते हैं। यह आम लोग और पुलिस के बीच बेहतर सामंजस्य व समन्वय के लिए प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम की काफी प्रशंसा मिल रही है जो माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के निदेश पर प्रारंभ किया गया है। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा लोहरदगा जिले का इतिहास काफी समृद्ध रहा है। यहां लोग आपस में मिलजुल कर पर्व-त्यौहारों में शामिल होते रहे हैं। आज सभी जगह पर्व-त्यौहार आयोजित हो रहे हैं, जो शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाएंगे, यही आशा है। आज की बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी,सभी थाना प्रभारी एवं जिला व प्रखण्ड के शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## एक बार फिर रफ्तार का कहर, दो की मौत, एक की स्थिति नाजुक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला के केरसई थाना क्षेत्र के कंजोबा डीपाटोली टर्निंग के पास बुधवार दोपहर दो बाइक में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हुई। जिसमे दो युवक की मौत हो गई और एक की स्थिति नाजुक है। मिली जानकारी के अनुसार कंजोबा निवासी अनीश केरकेट्टा और अभिषेक एक बाइक पर किनकेल की तरफ आ रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से बाइक पर भंडार टोली निवासी अजय केरकेट्टा तेज गति से आते हुए डीपाटोली टर्निंग के पास ले पास उनसे टकरा गया। घटना में अभिषेक टेटे की मौके पर हीं मौत हो गई। जबकि अनीश केरकेट्टा और अजय केरकेट्टा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची, और शव को कब्जे में लेकर कर मौके से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। इधर सदर अस्पताल में इलाज के दौरा अजय केरकेट्टा की भी मौत हो गई। जबकि अनीश की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## फूल और फल एक दूसरे के अभिन्न अंग, इस बात को सभी लोगों को समझने की आवश्यकता : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा एवं आजसू दोनों पार्टी के कार्यकर्त्ता बन्धुओं से कहा है कि फूल और फल एक दूसरे के अभिन्न अंग हैं और दोनों दलों के कार्यकर्त्ता गण भाई भाई हैं। चुनाव में राजग गठबंधन से किस दल को टिकट मिलेगा यह बड़ी बात नहीं है अपितु लोहरदगा विधानसभा में विजय प्राप्त करना मुख्य लक्ष्य है। जिस प्रकार से फूल खिलने के बाद ही फल फलता और फल तभी फलता है जब फूल खिलता है। इसी विषय को को सभी लोगों को मानने की जरूरत है। राजग गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व जो भी निर्णय ले वही सभी लोगों के लिए सर्वमान्य होगा। यदि यहां की सीट आजसू के खाते में आयेगी तो सभी लोग मिलकर जनता के चरणों में फल अर्पित करेंगे और यदि भारतीय जनता पार्टी के खाते में जायेगी तो सभी लोग मिलकर जनता को पुष्प का अर्पण करेंगे। दोनों पार्टी के किसी भी कार्यकर्त्ता गण के मन में इस सीट बंटवारे के विषय को लेकर किसी भी प्रकार का कोई संशय नहीं रखना है बस जनता की पूजा करने के लिए लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से राजग गठबंधन को विजय दिलाना है चाहे फल अर्पित हो या फूल जनता की ही वन्दना होगी और जनता की वन्दना होने से इस विधानसभा का मान बढ़ेगा यह विकास के मार्ग पर अग्रसर होगा। इस कारण बिचौलियों और ठगों से सावधान रहते हुए दुष्प्रचार को हराते हुए दोनों दलों के कार्यकर्त्ता गणों को यह सीट राजग गठबंधन की झोली में डालना है।

## अविराम में परिसर नियोजन कार्यक्रम द्वारा रोजगार सृजन के लिए की गई पहल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में बीएड और डी एल एड संकाय के विगत वर्षो के प्रशिक्षुओ के लिए परिसर नियोजन कार्यक्रम का आयोजन कैम्पस प्लेसमेंट सेल के शिवशंकर द्वारा कराया गया, जिसमें लोहरदगा और लातेहार जिले के विविध विद्यालयो जैसे एस डी आइडियल किस्को, सॉलिटेयर लोहरदगा, घाघरा, अविराम स्कूल माराडीह, और टिको आदि से अभिनव भारती, हिमांशु कुमार, भूषण कुमार, सुनीता, पूजा, सौरभ, गुड़िया आदि शिक्षक शिक्षिकाएं परिसर नियोजन हेतु आए जहां साक्षात्कार और डेमो के द्वारा प्रशिक्षुओं के चयन की प्रक्रिया की गई, साक्षात्कार में सौ के लगभग प्रशिक्षु सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया और प्राचार्य डॉ प्रतिमा, जंगबहादुर, पंकज, ममता, कुंदन, रेणुका, आफताब आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## कैरो प्रखंड में लोकहित अधीकार पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकहित अधिकार पार्टी कैरो प्रखंड अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुई। मौके पर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू,विशिष्ट अतिथि प्रधान महासचिव मो अजहर आलम एवं एलएपी आदिवासी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन तिग्गा उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि हमारी पार्टी आम लोगों को उच्च शिक्षा और असाध्य बिमारी का इलाज पूरी तरह निःशुल्क देना चाहती है। प्रधान महासचिव मो अजहर आलम ने कहा कि वोटरों के वोट से जीतने वाले विधायक और सांसद को आजीवन पेंशन दिया जाता है फिर वोटरों को वोटर पेंशन क्यों नहीं। एलएपी आदिवासी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन तिग्गा ने कहा कि नॉन बैंकिंग कम्पनियों के द्वारा ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों को उनका पैसा लौटाने के लिए 30 सितम्बर को महामहिम राज्यपाल महोदय के समक्ष राँची में हमारी पार्टी एक दिवसीय महाधरना देगी। श्री तिग्गा ने यह भी कहा कि यदि पार्टी ने मुझे लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का अवसर दिया तो निश्चित रूप से चुनाव लड़ुंगा और जीत भी दर्ज करुंगा। सम्मेलन में जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुकरु उरांव, जिला उपाध्यक्ष तपेश्वर प्रजापति, जिला महासचिव बजरंगी साहू, प्रकाश पासवान, सतेंद्र राम, पवन कुमार पाण्डेय, मनसुख उरांव, राम नारायण पाण्डेय, चन्दा उरांव, पवन उरांव, महली उरांव, बालदेव लोहरा, मुकेश साहू, सुखदेव साहू, विभाष कुमार महतो, बंदना उरांव समेत कई ने अपने विचार रखें। मौके पर पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भ्रष्ट गठबंधन सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना है : दिपक प्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला सिमडेगा के कोलेबिरा एवं सिमडेगा विधानसभा के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई,बैठक में विधानसभा चुनाव के निमित्त प्रत्याशियों के लेकर रायशुमारी हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं साथ ही आगामी 29 सितंबर को प्रधानमंत्री जी की मन की बात हर बूथ में सुनने की बात कही गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड के भ्रष्ट गठबंधन सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना है, हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार भ्रष्टाचार के नए कृतिमान स्थापित किए हैं आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता मन बन चुकी है की झारखंड से भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना है और झारखंड में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की सरकार बनानी है, अगले विधानसभा चुनाव में थोड़ी सी वोट से सिमडेगा विधानसभा भाजपा चूक गयी इस बार सारा हिसाब बराबर होगा सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की जीत होगी, साथ ही उन्होंने कहा कि 20 सितंबर से भारतीय जनता पार्टी की संकल्प यात्रा खूंटी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से शुरू होगी, अरहर प्रखंड में संकल्प यात्रा यात्रा कर झारखंड में परिवर्तन के लिए सकल पी लिया जाएगा। मौके पर अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने दोनों विधानसभा के लिए प्रत्याशियों की रायशुमारी में भाग लिया मौके पर चाईबासा के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर संजय पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू आमंत्रित सदस्य अमरनाथ बामलिया जिला महामंत्री दिपक पूरी एवं मुकेश श्रीवास्तव श्रद्धानन्द बेसरा जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा जिला मंत्री तुलसी साहु जिला मिडिया प्रभारी रवि गुप्ता कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद मुनेश्वर तिर्की श्रीलाल साहु सभी मोर्चा जिला अध्यक्ष सभी मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री जिला के पदाधिकारी मोर्चा पदाधिकारी एवं सभी आमंत्रित सदस्य मौजूद थे।

## प्रत्याशियों का दौरा हुआ तेज, अपने पक्ष में वोट देने की अपील, 22 को होगा महासंग्राम



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महामंत्री पद के कर्मठ एवं जुझारू उम्मीदवार रामकुमार साहू के द्वारा जिला चुनाव को लेकर कई गांवो का दौरा कर समिति सदस्यों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की द्य ज्ञात हो की 22 सितंबर को जय श्रीराम समिति के अध्यक्ष महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद का चुनाव क्या जाना है इस चुनाव को लेकर सभी उम्मीदवार अपने अपने स्तर से लोगों के बीच जा रहे हैं। महामंत्री पद के उम्मीदवार रामकुमार साहू ने कहा चुनाव के माध्यम से लोगों के बीच जाना बहुत ही सुकून महसूस हो रही है लोगों का एक अलग ही खुशी का माहौल है पहला ऐसा कोई हिंदू संगठन है जो वोट के माध्यम से नेतृत्व चुनती है मानो ऐसा लग रहा हो की विधानसभा लड़ रहा हूं हार और जीत मेरे लिए मायने नहीं रखता मैं सेवा के लिए आया हूं और सेवा देता रहूंगा। आपका आशीर्वाद बना रहे यही मेरे लिए काफी है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर भंडरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भंडरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रखंड कार्यालय नवडीहा चौक स्थित परहा भवन में प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित हुई। उक्त बैठक में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष श्री सुखेर भगत एवं कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री सुखेर भगत ने कहा कि आगामी विधानसभा की चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। प्रखंड कमेटी, पंचायत कमेटी,एवं बूथ कमेटी का भौतिक सत्यापन शीघ्र करना है और जरूरत पड़े तो सुधार किया जा सकता है। सभी कार्यकर्ता अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि गठबंधन सरकार की उपलब्धियां को चौक चौराहे में चर्चा करें। साथ ही गांव-गांव में आम लोगों को बताने की आवश्यकता है। झारखंड की लोकप्रिय सरकार अपना वादा निभाते हुए किसानों का कृषि ऋण 2 लाख तक माफ किया। 200 यूनिट तक बिजली बिल माफ किया गया है। सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50 वर्ष आयु सीमा के सभी महिला, पुरुष को प्रतिमा 1000 दे रहे हैं। वृद्ध एवं विधवा पेंशन के लिए अब आम लोगों को भटकने की जरूरत नहीं होती है।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय भदुवापारा एस एमसी का हुआ पुनर्गठन, 16 सदस्य का चयन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के निदेशानुसार में वृविद्यालय प्रबंधन समिति भदुवापारा का 3 वर्ष पूरा होने पर समिति का पुनर्गठन हेतु आम सभा किया गया। आम सभा की अध्यक्षता हिरही पंचायत समिति सदस्य बुधमनी कुमारी ने किया। सर्वसम्मति से वैसे कुल बारह सदस्यों का चयन किया गया जिनके बच्चे विद्यालय में पढ़ते हैं और पोषक क्षेत्र के निवासी हैं। इसके अलावे चार सदस्य में एक स्थानीय प्राधिकार, एक बाल सांसद प्रतिनिधि, एक शिक्षक, एवं एक विद्यालय प्रधान का चयन किया गया। नई पुनर्गठन कमेटी में से अध्यक्ष के रूप में सुनील उरांव, उपाध्यक्ष बसंती उरांव, सदस्य बसंत उरांव, पिंटू उरांव, लखी मुंडा, सुषमा उरांव, फूलकुमारी उरांव, प्रमिला कुमारी, सुकरमुनी उरांव, संगीता उरांव, मनीषा उरांव, भूषण उरांव, आशीष उरांव, सुग्नि कच्छप, एवं संयोजक शैलेंद्र कुमार सुमन चयनित किए गए। बैठक में एस एम सी सदस्य की अहर्ताओं एवं कार्यों की जानकारी दिया गया। आम सभा मे पोषक क्षेत्र के निवासी मौजूद थे।

## राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमू, लोहरदगा की प्रभारी सलोमी लकड़ा का हुआ भव्य विदाई कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राजकीय कृत प्राथमिक विद्धयालय, कुटमू, लोहरदगा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सलोमी लकड़ा का स्थानांतरण विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। राजकीय कृत प्राथमिक विद्धयालय लोहरदगा की वर्तमान प्रभारी शिक्षिका रश्मि खेस ने स्वागत भाषण देकर पूर्व प्रभारी को अपना आदर्श बताते हुए कहीं की आज मै उन्हीं के आर्शीवाद और मार्गदर्शन से शिक्षिका बनी और प्रभारी बन कर एक कर्तव्य निष्ठ शिक्षिका बनना चाहती हुँ,उन्होंने स्वागत मे सबको झारखण्ड की संस्कृति के अनुसार स्टेज तक लायी और चादर देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रभारी शिक्षिका सलोमी लकड़ा ने बताई की मै मजदूर की बेटी हुँ इसलिए आज सरकारी विधायलयों मे मजदूर और गरीब घर के बच्चे ही पढ़ाई करने आते है इसलिए मेरा मन मेरी बचपन को याद दिलाता है की तुम अपनी बचपन मे पढ़ाई नहीं करती तो आज इस मुकाम तक नहीं पहुँचती इसलिए मै एक समय की पाबंद और कर्तव्य निष्ठ शिक्षिका बन कर गरीब मजदूर की बच्चों को शिक्षा देकर उनका उज्जवल भविष्य बनाना चाहती हुँ। राजकीय कृत प्राथमिक विद्धयालय कुटमू लोहरदगा लगातार तीन वर्षो तक झारखण्ड मुख्यमंत्री स्वच्छता पुरुस्कार प्राप्त किया है और सरस्वती वाहिनी संचालन समिति की खाना प्रतियोगिता मे लगातार दो बार झारखण्ड में सर्वश्रेष्ट रसोइया का पुरुस्कार झारखण्ड स्तर पर प्राप्त कर स्कूल को 5 स्टार बनने का सौभाग्य मेरे नेतृत्व मे प्राप्त हुआ है।

## डाक विभाग के द्वारा डाक चौपाल लगाकर सरकारी सेवाएं आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड क्षेत्र के गजनी पंचायत भवन सभागार में 11 सितंबर बुधवार को भारतीय डाक विभाग के द्वारा डाक चौपाल लगाकर सरकारी सेवाएं आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन। इस अवसर पर प्रखंड के गजनी, गराडीह, उल्टी, चाल्हो, महुवरी के ग्रामीणो को संबोधित करते हुए रांची रीजनल के एसएसपी अजय जी के द्वारा भारतीय डाक विभाग के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई योजनाओं में सुकन्या समृद्धि योजना, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, पीएलआई, आरपीएलआई, बचत खाता,आरडी खाता, प्रीमियम बचत खाता, 5 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को फ्री आधार पंजीकरण के बारे में ग्रामीणों को बताया साथ ही अधिक से अधिक संख्या में लोगो को डाक विभाग से जुड़कर आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की बाते बताई गई। मौके पर एएसपी अजय कुमार,ओभर सियर विष्णु गोप, ऋषिकांत मिश्रा, मुखिया सुमन उरांव, पूर्व मुखिया, करमचंद, स्थानीय डाककर्मी जगदीश प्रसाद यादव,विमला देवी, मनिंदर शाह,समेत काफी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरूष सामिल थे।

## अरु पंचायत में आयोजित हुआ आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत स्थित नंदलाल उच्च विद्यालय प्लस टू के खेल प्रांगण में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारम्भ जीप सदस्य राधा तिर्की, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उरांव, उबीमाप प्रमुख पॉल पन्ना, मुखिया राजश्री उराँव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रखंड स्तर से स्टॉल लगा कर ग्रामीण जनता को योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही मईया सम्मान योजना,अबुआ आवास योजना, बिरसा प्रधानमंत्री फसल योजना, सावित्री बाई फुले योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, कृषि एवं पशुपालन विभाग, दाखिल खारिज, भूमी सत्यापन ऑनलाइन, पेयजल व बिजली विभाग सहित अन्य विभागों का लाभ देने के लिये ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किया गया। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने ग्रामीण जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि जरूरत अनुसार आवेदन करें और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लें साथ ही कहा कि एक व्यक्ति एक ही योजना के लिये आवेदन करेंगे क्यों कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने का सभी को हक़ है। वही परिसम्पत्ति वितरण के क्रम में फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत चार लाभुकों को एक लाख का चेक और सोना सोबरन योजना के तहत लाभुकों को धोती साड़ी तथा किसानों के बीच निम ऑयल और नैनो यूरिया का वितरण किया गया। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ.रोहित कुमार, दिवाकर पाण्डेय, कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, बीपीआरओ सुजीत उराँव, पंचायत सचिव रिझवान अख्तर, राजस्व कर्मचारी नितशिखा तिर्की सहित अन्य प्रखंड व अंचल कर्मी तथा ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से मांदर एवं नगाड़े का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुधवार को स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव वित्त विभाग योजना एवं विकास विभाग वाणिज्यकर विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा न्यू नगर भवन लोहरदगा में कर्मा पर्व के शुभ अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से सीएसआर के तहत ग्रामीणों के बीच पारंपरिक वाद्य यन्त्र मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया गया। मौके पर ग्रामीण जनता को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि परंपरा संस्कृति सभ्यता को बचाने के लिए हमेशा से प्रयासरत हैं इसी क्रम में अपने विधानसभा क्षेत्र लोहरदगा में करमा पर्व के शुभ अवसर पर पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर एवं नगाड़े का वितरण स्टेट बैंक आफ इंडिया सीएसआर के तहत ग्रामीणों के बीच किया जा रहा है ताकि परंपरा संस्कृति को अक्षुण्ण बनाया जा सके, हमारे झारखंडी त्योहारों में मांदर एवं नगाड़े का विशेष महत्व है इससे पहले भी हमारे द्वारा त्योहारों में कई खेप मानदर एवं नगाड़ा का वितरण किया गया है ताकि लोग खुशी खुशी नाच झूम के साथ त्यौहार मना सके इसके साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक स्थल अखड़ा के लिए सोलर लाइट लगाया जा रहा है ताकि आस पास के क्षेत्र प्रकाशमय रहे यह हम आदिवासियों की पहचान है जिससे आज वाद्य यंत्र वितरण के माध्यम से आगे बढ़ने का कार्य किया जा रहा है। एसबीआई उप महाप्रबंधक रांची दिनेश मित्तल ने कहा की स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के तहत जन कल्याणकारी कार्य कर रही है लोगों को मदद पहुंचा रही है। इस दौरान हमें लोहरदगा जिले में माननीय वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव के सहयोग से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मांदर नगाड़ा एवं अखड़ा के लिए सोलर लाइट उपलब्ध कराया जा रहा है।

## एक बार फिर हाथियों का आतंक हुआ शुरू

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिली जानकारी के अनुसार ठेठईटांगर प्रखंड के दुमकी पंचायत अंतर्गत चेटमल कटघरा गांव में बीते रात्रि दो हाथी आ धमके एवं सुनीता देवी पति गांधी मांझी के घर को तोड़ते हुए घर में रखे अनाज बोरा सहित निकालकर चलते बना जिससे घर में तीन जगह हाथियों के हमले से घर का दीवार गिर गया है, साथ ही घर का दिवार गिरने से घर के कई अन्य सामानों को क्षती पहुंची है इसकी जानकारी कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी को दिया गया, तत्पश्चात उन्होंने प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज 20 सूत्री सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, एवं कयूम आलम को निर्देश दिया की संबंधित क्षेत्र का दौरा करते हुए हर संभव मदद दिया जाए, इसके बाद सुबह प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज,बीस सूत्री सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष असफाक आलम एवं मो. कयूम संबंधित गांव का भ्रमण कर पीड़ित परिवार को सुख राशन प्रदान किया एवं सरकार के द्वारा मिलने वाला मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया एवं दरखास्त लिखवा कर आवेदक को वन विभाग में सौपने की बातें कही साथ ही प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा दोबारा हाथी आने पर आप मिर्ची का चूर्ण तंबाकू का चूर्ण इत्यादि रखें रहे एवं हाथी आने की सूचना पर घर के चारों ओर इसे जलाएं या छिड़क दे जिससे कि हाथी घर पर हमला न करें।

## चलते चलते एक नजर

### सहिया साथियों ने जेएमएम के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के माध्यम से सीएम को दी बधाई



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू सहिया सामुदायिक प्रशिक्षक संघ झारखंड के सहिया,सहिया साथी व बीटीटी ने झामुमो कार्यालय पहुंचकर जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद और बधाई दिया। झारखंड बनने के बाद पहली बार किसी सरकार ने झारखंड के सहियाओं का मानदेय दुगना किया है। सहिया साथी, बीटीटी एवं एसटीटी के मानदेय में भी वृद्धि किया गया है। इसको लेकर पूरे झारखंड राज्य में सहिया और सहिया साथियों के बीच खुशी का माहौल है। जिला कार्यालय पहुंचकर एक दूसरे को सबों ने लड्डू खिलाया और जिला अध्यक्ष को गुलदस्ता दे कर सम्मानित किया।झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने सहिया और सहिया साथियों को बधाई देते हुए कहा, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सबों के दुख दर्द को दूर करना जानते हैं। झारखंड की सरकार संवेदनशील सरकार है। झामुमो सरकार सभी के समस्याओं का समाधान कर रही है। मईया योजना के माध्यम से हर घर की महिलाओं को सम्मान दिया है इस सरकार ने। मौके पर संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान, जिला अध्यक्ष अनुज सिंह, उपाध्यक्ष अरुण टिवाइज राज्य सदस्य सबिता कुमारी, जिला सचिव वरुण सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष रजनी सिन्हा, सरिता कुमारी, प्रीति देवी, ममता देवी, शशि देवी, मीना देवी, गीता देवी, सुनीता देवी, सुनैना देवी, माधुरी रंजन, कविता देवी, आरती देवी, ललिता देवी सहित सैकड़ों सहिया और सहिया साथी मौजूद थे।

### लायंस क्लब ऑफ गढ़वा द्वारा मरोजों के बीच पौष्टिक आहार वितरित




**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब गढ़वा विशाल द्वारा क्लब कार्यालय पुराना बस स्टैंड गढ़वा में गोद लिये हुए टीबी मरीजों के बिच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। मौके पर मरीजों ने पौष्टिक आहार पाकर क्लब को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी बिमारी के हालात में जहां अपने लोग किनारा कर लिए और छुआ छुत मानने लगे ऐसे हालात में आप लोग देवता स्वरूप साथ खड़े होकर बिना भेदभाव के हम लोगों को मदद लगातार कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के बाद देर शाम लायंस इंटरनेशनल 322 ऐ के पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेफ ला0 डॉ आर एन एस दिवाकर कि 75 वीं जन्मदिवस धुम धाम से क्लब कार्यालय गढ़वा में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में डॉ दिवाकर ने लायंस इंटरनेशनल को डोनेशन भी दिया और लायंस विशाल परिवार को आभार व्यक्त किया। इन सभी कार्यक्रम लायंस विशाल परिवार के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# रांची से चुनाव लड़ने के लिए कई नेता मार रहे हैं हाथ-पैर

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची :** विधानसभा2024 की तैयारियां सभी राजनीतिक दलों ने शुरू कर दी है। भाजपा, कांग्रेस, झामुमो, राजद, भाकपा,भाकपा, आजसू, जेकेबीएसएस,बसपा,आम आदमी पार्टी, एनसीपी, एआईएमआईएम, जदयू सहित कई अन्य छोटी बड़ी पार्टियां झारखंड के 81 विधानसभा में कुछ कुछ सीटों पर भाग्य आजमायेंगे। वहीं 2019 में 81 सीटों पर चुनाव लड़कर तीन सीटें जीतने वाली बाबूलाल मरांडी की झारखंड विकास मोर्चा पार्टी इस बार नजर नहीं आयेगी। कुछ और नई राजनीतिक पार्टियां नजर जरुर आयेंगे। रांची जिले में सात विधानसभा सीटें हैं। जिनमे तामाड़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, विधानसभा सीटें आती हैं। झारखंड में 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक पांच चरणों में 81 सीटों पर मतदान हुआ था। इन चुनाव में जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन को लोगों ने जमकर वोट दिया था। वहीं सत्ताधारी बीजेपी को लोगों ने नकार दिया था। राज्य के रांची जिले की 7 विधानसभा सीटों में से 3 पर बीजेपी को जीत मिली। वहीं,एक पर जेएमएम,एक आजसू, एक जेवीएम और एक पर कांग्रेस को जीत मिली थी।

**जेएमएम प्रत्याशी महुआ माजी ने दी थी जोरदार टक्कर:** झारखंड चुनाव 2019 में रांची विधानसभा सीट से भाजपा के चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह ने जीत हासिल की।इन्हें काफी मेहनत करनी पड़ी थी। सीपी सिंह ने महज 5904 वोटों से चुनाव जीते थे। इस चुनाव में सीपी सिंह को 79646 वोट हासिल हुए थे।वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार डॉ महुआ मांझी को 73742 वोट हासिल हुए थे। बता दें कि 12वें राउंड में सीपी सिंह झामुमो की प्रत्याशी महुआ माजी से 2257 वोट से पीछे हो गए थे। वहीं आम लोगों का कहना है कि भाजपा के सीपी सिंह आसानी से हर समय उपलब्ध रहते हैं। लोगों का काम भी करते हैं। जहां तक महुआ माजी का सवाल है तो राज्यसभा सांसद बनने के बाद काफी सक्रिय दिख रही हैं। वे हर जगह मौजूद रहती हैं। एक बार मौका तो मिलना चाहिए।

**दावेदारी को लेकर मच गया है हलचल:** रांची विधानसभा से चुनाव लड़ने को लेकर राजनीतिक हलचल मच गई है। इंडियन महागठबंधन में कांग्रेस रांची सीट पर अपना दावा ठोक रही है। जबकि कांग्रेस को पता है कि वे इस सीट पर काफी कमजोर है। क्योंकि 2019 में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार डॉ महुआ मांजी ने भाजपा के लंबे समय से विधायक रहने वाले दिग्गज विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह के के बहुत करीब थी। महुआ माजी लगभग 5904 वोटों से हार गई थी। भले भाजपा जीत गई थी लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा ने साबित कर दिया कि रांची विधानसभा में उसकी जड़े मजबूत है। 2024 में भी यदि डॉक्टर महुआ मांजी चुनाव लड़ती हैं तो मुकाबला दिलचस्प होगा। जहां तक कांग्रेस की बात है तो वह इस सीट में लंबे समय से चुनाव लड़ रही है। लेकिन वह पूरी तरह से असफल है। अभी तक पीछले कुछ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट प्रतिशत के आंकड़ों को देखें तो एक लाख से भी अधिक वोट पाने में कांग्रेस असफल रही है। जबकि रांची नगर निगम चुनाव के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने उप महापौर के उम्मीदवार चुन्नू खान को भी अचानक रांची नगर निगम क्षेत्र में उतारा था। करीब 60,000 वोट ले आए थे।रांची लोकसभा चुनाव 2024 के अनुसार रांची विधानसभा में 3,60799 मतदाता हैं। यहां पुरुष मतदाता 185777, महिला 174993,थर्ड जेंडर 29। यहां बूथों की संख्या 370 है।

**एक सीट पर एक पार्टी के कई दावेदार:** कांग्रेस से रांची सीट पर कुमार राजा, राजेश कुमार गुप्ता, आदित्य विक्रम जायसवाल ,उज्जवल प्रकाश अब तक अपने नाम का प्रस्ताव पार्टी हाई कमान को दें चुके हैं।वहीं भाजपा सीपी सिंह पर उम्र को लेकर आकलन किया जा रहा है। युवा भाजपा के नेता चाहते हैं इस बार युवा पर भाजपा दांव लगाये। दूसरी ओर निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय भी चाहते हैं कि रांची विधानसभा से चुनाव लड़े। बालमुकुंद सहाय,रमेश सिंह, मुनचुन राय, सत्यनारायण सिंह सहित ऐसे चेहरे हैं जो विधानसभा लड़ने की इच्छा रखते हैं। आजसू भाजपा के साथ गठबंधन में जायेगी तो आजसू के रांची में जो जनाधार है और कार्यकर्ताओं में जोश है वह खत्म होगी। जदयू, एआईएमआईएम, जेकेबीएसएस सहित कई पार्टियां व निर्दलीय उम्मीदवार किस्मत आजमाने आयेंगे। लेकिन ये वोट कटवा साबित होंगे। क्योंकि मतदाता भाजपा और झामुमो पर ही अपना मत लुटायेंगे।

**क्या है समीकरण:** रांची विधानसभा बहुत बड़ा क्षेत्र नहीं है, लेकिन झारखंड की राजधानी है। इसका महत्व और बढ़ जाता है। हिंदू - मुस्लिम, सिख, इसाई ,जैन,आदिवासी सहित अन्य का वोट यहां पर है। यदि मुस्लिम के साथ आदिवासी,सीख,ईसाई चले जाते हैं तो भाजपा को मुश्किल होगा। यदि भाजपा के साथ हिंदू के साथ आदिवासी का कुछ वोट मिल जाता है तो झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए मुश्किल होगी। हालांकि वैश्य व व्यापारी वर्ग भी जीत हार में निर्णायक होते हैं। भाजपा के जीत का एक कारण मुस्लिम मतों का बिखराव है।

### क्या कहते भावी उम्मीदवारगण हैं

रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भाजपा बड़ी पार्टी है और रांची भाजपा का गढ़ है। लगातार इस सीट पर मैं चुनाव जीतते आ रहा हूं। पार्टी आलाकमान जो निर्णय लेगी उस निर्णय का स्वागत करते हैं। भाजपा में बहुत से दावेदार दावा कर रहे हैंड यह खुशी की बात है। इससे पता चलता है कि भाजपा के प्रति कार्यकर्ताओं में उत्साह है। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा और राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ मांजी ने कहा कि पिछले बार पार्टी ने हम पर भरोसा किया था। जिस तरह से वोट प्राप्त हुए थे, यह निश्चित है कि रांची विधानसभा झारखंड मुक्ति मोर्चा की सीट होगी। हम लोगों का प्रयास होगा कि हमारा मुख्यमंत्री फिर से एक बार हेमंत सोरेन ही बने।इसके लिए हम लोग हर तरह से प्रयास करेंगे।संदीप वर्मा ने कहा कि अगर पोस्टर बैनर में लग रहा हूं तो जाहिर सी बात है कि मैं भी भाजपा से उम्मीदवारी कर रहा हूं। बाकी पार्टी आलाकमान तय करें। वहीं कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि रांची विधानसभा कांग्रेस की सीट रही है। कई कांग्रेसी यहां चुनाव जीतते रहे हैं। पिछले कुछ सालों से सीपी सिंह यहां पर चुनाव जीत रहे हैं। क्योंकि रांची विधानसभा में वैश्य समाज के लोगों का वर्चस्व है। वह समाज हमारे साथ आ रहे हैं। इसलिए रांची विधानसभा सीट कांग्रेस को मिलना चाहिए बाकी निर्णय पार्टी खुद ले।वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हमेशा इस सीट पर अपनी मजबूती के साथ दावेदारी ठोकते रही है। मजबूत स्थिति में अब तक बनी हुई है। बाकी निर्णय शीर्ष नेतृत्व को लेना है।आजसू के केंद्रीय महासचिव व रांची लोहरदगा के प्रभारी जितेंद्र सिंह कहते हैं कि टिकट महत्व नहीं रखता है। पार्टी कैसे सत्ता में आये ये महत्व रखता है। आजसू भाजपा का गठबंधन है। इसलिए हमारी प्राथमिकता है कि राज्य में एनडीए की सरकार बने।

### ये रहे रांची के विधायक

रांची:1951-52 पॉल दयाल (जेएचपी) रामरतन राम (कांग्रेस) से। 1957 लाल चिंतामणि शरण नाथ शाहदेव जिन्हें रातू महाराज के नाम से विख्यात थे और निर्दलीय विधायक चुने गए थे। 1957 जगन्नाथ महतो, 1962 कांग्रेस के अंबिका नाथ शाहदेव, 1967-69 भारतीय जनसंघ पार्टी से ननी गोपाल मित्रा,1972 से 77 देवदत्त साहू, कांग्रेस से ज्ञान रंजन 1980 -85 अधिवक्ता डॉक्टर जयप्रकाश गुप्ता, भाजपा गुलशन लाल अजमानी, कुछ समय के लिए 1995 में भाजपा यशवंत सिन्हा फिर हवाला केस में फंस गए और 1996 से लेकर अब तक भाजपा सीपी सिंह रांची के विधायक हैं।



### आजादी के बाद एक विधानसभा में दो विधायक होते थे

देश आजाद होने के बाद तब अविभाजित बिहार अब का झारखंड में 18 विधानसभा सीटों पर चुने जाते थे दो-दो विधायक। अभी 81 सीटों पर एक-एक विधायक चुने जाते हैं। 1951 और 1957 में दो-दो एमएलए की परंपरा विभिन्न वर्गों के आरक्षण के चलते थे। 1951 में झारखंड (तब बिहार) में पहला विधानसभा चुनाव हुआ। उस समय झारखंड में कुल 71 विधानसभा सीटें थीं। इनमें से 17 सीटों पर दो-दो विधायक चुने जाते थे। 1957 में हुए दूसरे विधानसभा चुनाव में विधानसभा की कुल सीटें कम होकर 60 हो गई थीं, लेकिन तब भी 17 विधानसभा सीटों पर दो-दो विधायक ही चुने गए थे, लेकिन,1962 में तीसरे विधानसभा चुनाव से यह राजनीतिक परंपरा खत्म कर दी गई। आजादी के बाद हुए दोनों विधानसभा चुनावों में अनुसूचित जनजाति या अनुसूचित जाति के लिए तय आरक्षित सीटों पर दो प्रतिनिधि चुने जाते थे। संबंधित आरक्षित प्रतिनिधि का चुनाव आरक्षित वर्ग के मतों से ही होता था। यानी किसी एसटी के लिए आरक्षित सीट से दो प्रतिनिधियों का चुनाव होगा। अनुसूचित जाति के मतदाता अनुसूचित जाति के उम्मीदवार को ही वोट डालते थे। जिस उम्मीदवार को ज्यादा मत मिलते थे वही उनका प्रतिनिधि बनता था।

# जनप्रतिनिधि का मतलब है जनता की उम्मीदों को पूरा करना : मंत्री मिथिलेश

*** मंत्री ने किया गढ़वा प्रखंड के आधा दर्जन गांवों में जन संवाद, सुनी ग्रामीणों की समस्या**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को गढ़वा प्रखंड के आधा दर्जन गांवों में जन संवाद कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान मंत्री ने गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत में धर्मडीहा स्कूल के समीप, कल्याणपुर इमामबाड़ा के मैदान में, जुटी स्कूल के समीप, जाटा पंचायत में करमडीह देवी धाम के समीप, करमडीह जमुआ के समीप, जाटा में छठ घाट के समीप, ढोटी चौक पर मदरसा के समीप, तेनार गांव में शिव मंदिर के समीप तथा पिपरा खुर्द में पुलिस लाइन के समीप आयोजित संवाद में ग्रामीणों की समस्याओं का निदान किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता को झांसा दे कर चुनाव जीत जाना ही जनप्रतिनिधि का काम नहीं है। बल्कि जनता जिस उम्मीद एवं विश्वास के साथ अपना जनप्रतिनिधि चुनती है, उस विश्वास को बरकरार रखते हुए क्षेत्र में जनहित के कार्यों को करना, सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, क्षेत्र का विकास करना, जनता के बीच हमेशा रहना, उनके सुख-दुख का सहभागी बनना ही जनप्रतिनिधि का कार्य है। पूर्व के जनप्रतिनिधि चुनाव के समय जनता के पास पहुंचकर येन केन प्रकारेन चुनाव जीत जाते थे। उसके बाद पूरे 5 साल जनता को अपनी हाल पर छोड़ देते थे। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बैकुंठ सिंह, धनंजय, मंजर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### स्थानीय कलाकारों ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर को दी बधाई

स्थानीय कलाकारों का एक दल बुधवार को पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग झारखंड के प्रभार ग्रहण करने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर को उनके आवास पर जाकर बधाई दी तथा कला संस्कृति से जुड़े कलाकारों के हितकर कुछ मांगें रखा। प्रतिनिधि मंडल में पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के द्वारा कला साधकों के लिए चलाए गए पूर्व के कार्यों की सराहना करते हुए एक बहुपयोगी प्रोग्राम सुबह सवेरे, शनि परब कार्यक्रम को पुनः आरंभ करने के संदर्भ में अपनी मांग रखी।प्रतिनिधिमंडल में अरुण कुमार पांडेय, बसंत कुमार, सुधांशु कुमार, सुबोध कुमार, रविन्द्र कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### मंत्री ने की शहीद अब्दुल हमीद की प्रतिमा अधिष्ठापन के लिए भूमि पूजन

भारत पाक युद्ध में देश के दुश्मनों को छक्के छुड़ाने वाले परमीर चक्र विजेता वीर शहीद अब्दुल हमीद की शहर के मझिआंव मोड़ पर भव्य प्रतिमा लगायी जायेगी। अब्दुल हमीद की शहादत दिवस के मौके पर मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने प्रतिमा अधिष्ठापन के लिए भूमि पूजन किया। मंत्री ने अब्दुल हमीद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।

### कोकर इंडस्ट्रियल एरिया से निकाला गया बप्पा का विसर्जन

**रांची।** कोकर गणेश पूजा समिति द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया गेट नंबर 2 दिनांक 10 सितंबर को भंडारा किया गया और शाम में बप्पा का विसर्जन धूमधाम से निकाला गया । इस अवसर पर समिति के सदस्य संजीव विजयवर्गीय, चुन्नू सिंह, चंचल चटर्जी, गणेश पूजा रांची महानगर अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह चंदेल, अरविंद मंडल, मुकुल सिंह, युवराज पासवान, दीपू पासवान, नवीन सिंह, गुड्डू सोनी, रोहित सिंह, सतीश कुमार, मुकुल सिंह, नवीन सिंह, जीतू सिंह, दीपू सिंह और सभी सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मनोरंजन सिंह और रोहित सिंह ने दिया।



# त्रिपाठी के प्रतिज्ञा यात्रा में उमड़ा हुजूम



**डाल्टनगंज चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए शुरू किया है प्रतिज्ञा यात्रा : त्रिपाठी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री श्री केएन त्रिपाठी के द्वारा सिंगरा से ऐतिहासिक प्रतिज्ञा यात्रा का शुभारंभ किया गया। प्रतिज्ञा यात्रा का दूसरा दिन बुधवार को हमीदगंज के बीएन कालेज के फिल्ड से प्रारंभ हुआ। यह यात्रा हमिदगंज के बीएन कालेज से प्रारंभ होकर,कुण्ड मुहल्ला हास्पिटल रोड से होकर मुस्लिम नगर के कई क्षेत्रों में पहुंचा। 12 सितम्बर दिन गुरुवार को प्रतिज्ञा यात्रा का तिसरा दिन शाहपुर और नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत शामिल हुए नए वार्ड के कई हिस्सों से गुजरेगा। प्रतिज्ञा यात्रा में पूर्व मंत्री श्री केएन त्रिपाठी का स्वागत गर्मजोशी से किया गया। जहां सैकड़ों स्थानीय लोगों ने उनके द्वारा संबोधन एवं विचार को गंभीरता से सुना। स्थानीय लोगों ने सस्वर यह कहकर आवाज बुलंद किया कि हम आपके विचार से शत् प्रतिशत सहमत हैं। यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे, जो इस यात्रा के महत्व को दर्शाता है।सभा का संचालन मधुकर शुक्ला व अरविन्द राणा ने प्रभावी ढंग से किया।

**10 वर्षों के दौरान नहीं हुआ डाल्टनगंज विधानसभा का विकास :** केएन त्रिपाठी ने इस दौरान कहा कि अपने मंत्रित्वकाल काल में स्पेशल फंड को आरसीडी विभाग में कन्वर्ट करा कोयल नदी पर चेडाबार पुल का निर्माण कराया। लेकिन गनीमत है कि अभी तक इन दस वर्षों में भाजपा के जनप्रतिनिधियों के द्वारा एप्रोच रोड तक नहीं बन पाया। उन्होंने महिलाओं, नवयुवकों, पेयजल की समस्या,कोयल पुल पर यातायात की समस्या, सुदृढ़ सड़क आदि समस्याओं को लेकर संबोधित किया।

**5 मुख्य मुद्दों पर केंद्रित है प्रतिज्ञा यात्रा:** प्रतिज्ञा यात्रा झारखण्ड के विकास से जुड़े पांच मुख्य मुद्दों पर केंद्रित है, जो युवाओं, महिलाओं, किसानों और समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण से जुड़े हैं। श्री त्रिपाठी ने बताया कि यह यात्रा इन लक्ष्यों पर आधारित है⊱ प्रत्येक बूथ से 10 युवाओं को नौकरी देना।झारखण्ड आजीविका मिशन के तहत महिलाओं के लिए व्यवसाय हेतु 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करना।किसानों के लिए सिंचाई की उचित व्यवस्था के लिए कोयल, ओरंगा, अमानत और सुकरी नदियों को जलाशयों से जोड़ना। पलामू जिले में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण।शहरों और ग्रामीण इलाकों में पेयजल की समस्या का समाधान, खासमहल की जमीन पर मालिकाना हक, और पंचायतों में मुफ्त बालू की व्यवस्था।यह यात्रा केवल एक राजनीतिक पहल नहीं है, बल्कि डाल्टनगंज विधानसभा के विकास, सामाजिक सुधार और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर एक गंभीर प्रयास है। श्री त्रिपाठी और उनकी टीम का यह प्रयास झारखण्ड के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**इनकी रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में मुख्य रूप से बसंत शुक्ला, रेशो सिंह,छोटन दुबे, बिष्णु राम बब्लू राम, कुणाल सिंह (राजा), अभिमन्यु सिंह (सोनू), विक्की तिवारी, प्रेम तिवारी, बब्लू सिंह (कौशल),विजय राम, बंशी सिंह,अचित्ता दुबे, अरविन्द पाण्डेय, रविशेखर सिंह,विक्की चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# मधुपुर : वर्तमान विधायक व मंत्री के लिए आसान नहीं है राह

अरशद मधुपुरी @ प्रभात मंत्र

**मधुपुर :** झारखंड विधानसभा 2024 की चुनावी सुगबुगाहट शुरू होने लगी है। चुनाव लड़ने के दावेदार अपने रणनीति बनाने में जुट गए हैं।साथ ही अपने अपने जमीन को मजबूत करने को लेकर जनता के बीच जाना शुरू कर दिया है। ऐसा लगता है की बहुत जल्द चुनाव आयोग के चुनावी घंटी बजने वाली है। जनता को लुभाने के लिए दावेदार प्रत्याशी भाजपा के गंगा नारायण सिंह, पूर्व विधायक व मंत्री राज पालीवार अपना चुनावी रणनीति बनाने के लिए गांव कस्बे में जनता के बीच सभा कर अपने पक्ष में करने में जुट गए हैं। वही बहुजन समाज पार्टी के भावी प्रत्याशी मधुपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष जियाउल हक उर्फ टार्जन भी इसमें कहीं पीछे नहीं है। वह लगातार जनता के बीच जाकर अपने को प्रत्याशी होने की दावे कर जनता से एक मौका देने की मांग कर रहे है। ऐसे भी जियाउल हक लगातार जनता के बीच ही रहते हैं और हर दुख दर्द में जनता के साथ खड़ा रहते हैं। वही एआईएमआईएम से मधुपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए अब्दुल लतीफ अंसारी भी ताल ठोक रहे हैं यही वजह है की मधुपुर चुनाव 2024 इस बार बड़े ही दिलचस्प होने वाला हैं। ऐसे भी वर्तमान विधायक झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन अपने विकास के नाम से जनता के बीच जाएंगे। वर्तमान विधायक हफीजुल हसन ने विकास का कार्य काफी तेजी से अपने विधानसभा क्षेत्र में किया है। मगर जनता को खुश नहीं रख पाए। जनता वर्तमान विधायक से काफी नाराज है। यह देखने और सुनने को मिल रहा है। जनता की नाराजगी वर्तमान विधायक सह मंत्री हफीजुल हसन को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### सबों की पसंद राज पलिवार

अगर भाजपा की तरफ से पूर्व मंत्री व विधायक राज पालीवार को अपना प्रत्याशी बनाते हैं तो एक बहुसंख्यक समुदाय यानी ब्राह्मण, भूमिहार, राजपूत, पिछड़ा वर्ग जाति के वोट गुलबंद होकर एक तरफ जा सकते हैं। क्योंकि राज पालीवार मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में काफी चर्चित और लोगों के बीच एक अलग पहचान बनाए हुए हैं। मधुपुर की जनता राज परिवार को दिल से पसंद करते हैं। क्योंकि जनता इनके मिलने की अदा से कायल है। क्षेत्र में अपने विधायक के दौर में जो क्षेत्र के लिए विकास किया है। वह भी भुलाया नहीं जा सकता। जब-जब राज पालीवार का टिकट पार्टी ने काट कर किसी दूसरे को प्रत्याशी बनाया है मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को हार की मुंह देखना पड़ा है। क्योंकि मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के हर समुदाय के लोग चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम राज पालीवार को पसंद करते हैं। जनता से उनकी मिलने की अदा बातचीत करने की अदा लोगों को काफी भाता है। यही कारण है की राज पालीवार मधुपुर की जनता के बीच अपना काफी गहरी पेठ बने हुए हैं।

*** सबके चहेते बने पूर्व विधायक राज पलिवार, सभी वर्गों का प्राप्त है समर्थन**



### नाराज जनता को मनाना वर्तमान विधायक के लिए है कड़ी चुनौती

रही बात वर्तमान विधायक सह मंत्री हफीजुल हसन अपने नाराज जनता को मना पाते हैं या जनता को इसी हाल में छोड़ देते हैं। क्योंकि जब-जब जनता की नाराजगी हुई है वर्तमान विधायक को नुकसान पहुंचा है। चाहे वह भाजपा की हो या झारखंड मुक्ति मोर्चा की हो। अब देखना है चुनाव के समय जनता को कौन अपने तरफ ज्यादा से ज्यादा खींच सकता है। यह तो चुनावी नतीजा ही बताएंगे। क्योंकि मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में हार जीत की मार्जिन बहुत कम मतों से होती है। इसके लिए वर्तमान विधायक को अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

### कांग्रेस और बसपा भी है चुनाव लड़ने के मूड में

अगर इंडिया गठबंधन का तालमेल टूटता है तो मधुपुर विधानसभा से कांग्रेस के दो चर्चित चेहरा कांग्रेस के प्रदेश सचिव महिला नेत्री शबाना खातून और पूर्व नपा अध्यक्ष कांग्रेस प्रदेश सचिव फैयाज कैसर चुनाव लड़ने के लिए मन बनाए हुए हैं। अपने प्रत्याशी के लिए देवदारी भी कर दिए हैं। मगर ऐसा कम उम्मीद है कि इंडिया गठबंधन खासकर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा का तालमेल टूटेगा। रही बात बहुजन समाज पार्टी की। अगर अपना प्रत्याशी जियाउल हक उर्फ टार्जन को बनाते हैं तो वर्तमान विधायक और झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के लिए मुश्किलें खड़ा कर सकती है। क्योंकि जियाउल हक का भी मधुपुर विधानसभा में एक अलग पहचान है।वही जब-जब मधुपुर विधानसभा चुनाव हुआ है और मुस्लिम मतदाता की बिखराव हुई है तो भाजपा की जीत आसान हो जाती है और आसानी से बाजी मार कर अपने जीत का परचम लहरा लेते है। मगर यह तो तय है की जियाउल हक टार्जन मधुपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे।